हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 12 सितंबर 2024


तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री


10 गांजा तस्करी करने वाला गिरफ्तार


11 बाढ़ में फंसी हजारों ग्रामीणों की जिंदगी, प्रशासन मौन




REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार के साथ पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाला युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पावर हाउस शराब दुकान के पास देना बैंक के पीछे रहने वाला एस आंसू नामक युवक लोहे का हथियार लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने घेरबंदी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।

## दुर्ग से बालोद, राजनांदगांव और धमधा मुख्य मार्ग बंद

# बाढ़ से घिरे 400 लोग, कैंप में शरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शिवनाथ नदी में बैराजों का और पुलगांव नाला का पानी दुर्ग शहर तक घुस आया है। तीन साल बाद फिर से लोगों को ऐसा दृश्य देखने मिला है। पुलगांव स्थित बस डिपो, रिलायंस पेट्रोल पंप सहित आसपास की दुकानें पानी में डूब गए हैं। पुलगांव नाला का पानी भारती कॉलेज से लेकर मिनी माता चौक तक भर गया है। इसी तरह शिवनाथ नदी का पुराना पुल के आसपास से पानी अंजोरा कॉलेज और राजनांदगांव के दूसरे छोर के मुख्य मार्ग तक आ गया है। जिसकी वजह से नांदगांव और बालोद मार्ग पर आवागमन बंद हो गया है। धमधा मार्ग भी बंद है। यहां आमनेर नदी ऊफान पर है। नदी का पानी मुख्य मार्ग तक आ पहुंचा है। जिसकी वजह से इस मार्ग पर आना-जाना रोक दिया गया है।



### गांव में घर डूबे, नहीं निकल पा रहा परिवार

बाढ़ से शिवनाथ नदी और आमनेर नदी किनारे के 32 गांव प्रभावित हैं। चंगोरी, तिरगा, डांडेसरा, झोला, अछोटी, आलबरस, मालूद, बेलोदी, बिरेझर,भोथली, कोटनी, पीपरछेड़ी, महमरा, भरदा, अरसनारा, रूद्रा सहित कई गांव के घर ऐसे हैं जहां लोग निकल ही नहीं पा रहे हैं। रूद्रा हाई स्कूल पानी में आधा डूब गया है। इसी तरह पुलगांव स्थित केपीएस स्कूल का हाल है। लोगों के घर बाढ़ से घिर गए हैं। इसलिए लोग अपने परिवार के साथ बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं।

### पोटिया रोड से लेकर महेश कालोनी तक पानी

दुर्ग पोटिया रोड बस्ती , महेश कॉलोनी, मिनी माता चौक और पुलगांव कपड़ा मार्केट और आसपास की दुकानों तक बाढ़ का पानी आ गया है। पुलगांव स्थित गौठान भी डूब गया है। शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम, पंचवटी मांगलिक परिसर तक पानी ही पानी है। नवकार परिसर, जलाराम वाटिका भी पानी में डूब गया है। पोटिया रोड भी आवागमन के लिए बंद है। बैरीकेट्स लगाकर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है।

### 12 राहत शिविरों में 400 लोग

बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए जिला प्रशासन ने 12 राहत कैंप लगाए हैं। इन कैंपों में 400 लोगों को ठहराया गया है। जहां उनके भोजन, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। स्कूल, सामुदायिक भवन,सामाजिक भवनों में प्रभावित लोगों को ठहराया गया है। पुलगांव के यादव कोसरिया सामाजिक भवन में 50 प्रभावितों को ठहराया गया है। शीतला मंदिर मुड़पार में 100, प्राथमिक शाला भोथली में 35, सामुदायिक भवन अछोटी में 20, ननकट्टी पंचायत भवन में 34, पीपरछेड़ी पंचायत भवन में 14, शिवकोकड़ी धमधा में 60, डांडेसरा प्राथमिक शाला में 11 और डोड़की सामुदायिक भवन में 60 लोगों को रखा गया है। अहिवारा क्षेत्र से अकोला प्राथमिक शाला में 24 प्रभावितों ने शरण ली है।

### संभागायुक्त व कलेक्टर ने प्रभावित गांवों का लिया जायजा

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का मौका निरीक्षण किया। उन्होंने शिवनाथ नदी के किनारे पुलगांव राहत कैम्प में बाढ़ पीड़ति लोगों से चर्चा की। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर द्वारा पूछने पर ग्रामवासियों ने बताया कि सुबह पानी का स्तर बढ़ जाने के कारण घरों में पानी घुसने लगा।कलेक्टर सुश्री चौधरी ने अनुविभागीय अधिकारी हरवंश सिंह मिरी को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में निगरानी रखने के साथ-साथ पीड़ति परिवारों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने और भोजन, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाएं आदि का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने कहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जिले के ग्राम पंचायत भरदा का भी भ्रमण कर ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनकी स्थिति जानी। ग्रामवासियों को सुरक्षित रहने के साथ किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला प्रशासन को सुचित करने एवं प्रशासन द्वारा हर संभंव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, आयुक्त नगर निगम दुर्ग लोकेश चंद्राकर, अनुविभागीय अधिकारी हरवंश सिंह मिरी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### शिवनाथ व आमनेर नदी में 17 फीट ऊपर पानी

इसी तरह शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट और आमनेर नदी 17 फीट ऊपर चल रहा है। शिवनाथ नदी में सोमवार की रात को 2 लाख 4 हजार 346 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बाढ़ के हालात को देखते हुए बुधवार को मोंगरा बैराज, सूखा नाला और खातूटोला बैराज से पानी छोड़ना बंद कर दिया गया है।

# शहर के दो कबाड़ियों के ठिकानों पर पुलिस दबिश



पांच वाहनों में कबाड मिला





हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शहर में चल रहे अवैध कबाड के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए एसीसीयू की टीम ने मंगलवार की रात गोकुल नगर कुरुद, तिरंगा चौक कबाडी साहू और छावनी बस्ती के सुरेश पाण्डेय के ठिकानों पर दबिश दिया गया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पुलिस ने ललित कबाड़ी

- ललित है जिले का बड़ा कबाड़ी, घंटे भर बाद कबाड़ियों को जमानत

के गोकुलधाम गोदाम से 5 वाहनों में भरे लोहे का स्क्रैप 24.08 किलो टन 7 लाख रुपए जब्त वाहन समेत 47 लाख 44 हजार 900 रुपए आंकी गई है। मौके से पुलिस ने वाहन में लोहे का सरिया, एंगल, स्क्रैप लोड करते आर्य नगर कोहका निवासी ललित साहू धरा गया। उक्त कबाड के लिए दस्तावेज मांगी गई थी लेकिन ललित पुलिस के पास दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इसके अलावा सुरेश पाण्डेय के यहां एक बोलेरा लोहे का टिना स्क्रैप कुल 2 लाख 13 हजार 500 रुपए का सामान जब्त किया गया है। पुलिस ने छावनी गुलाब सिंह, सुरेश सिंह पर भी कार्रवाई किया है। लेकिन कबाड़ियों को एक घंटे बाद ही जमानत पर छोड़ दिया गया। 9 माह में पांच बार ललित कबाड़ी के गोदाम में कार्रवाई हुई है। हमेशा की तरह इस बार भी ललित के पास से पुलिस ने कबाड़ का जखीरा जब्त किया है। इस दौरान सीएसपी हरीश पाटिल, डीएसपी हेमप्रकाश नायक, एसीसीयू प्रभारी तपेश्वर नेताम मौजूद थे।

### कबाड का बड़ा कारोबार बनाया ललित ने

जिले का बड़े कबाडी के रुप में ललित ने अपने वर्चस्व जमा चुका है। पुलिस चाहे जितनी भी कार्रवाई कर ले कबाड का कारोबार कभी बंद नहीं करेगा। अब तक पांच बार पुलिस की कार्रवाई ललित के खिलाफ हो चुकी है लेकिन कबाड का काम बंद नहीं कर रहा है। एसीसीयू की टीम ने ललित कबाड़ी के गोडाउन में दबिश दिया। जहां से अवैध रुप में रखा गया कबाड जब्त किया है। पुलिस ने 5 ट्रक और पिकअप में कबाड़ लोड किया जा रहा था। पुलिस ने चोरी के कबाड़ की आशंका के आधार पर कबाड़ जब्त किया गया है। बिना बिल के कबाड नहीं छुट पाएगा। कई बारे चोरी का कबाड खरीदने के आरोप में पाण्डेय और ललित कबाडी पुलिस के हत्थे चढ चुके है। इनके पास से कई बार सेल का लोहा, रेलवे सरकारी भवनों में इस्तेमाल किए जाने वाले लोहे भी जब्त किया चा चुका है।

### इन वाहनों को किया जब्त

टाटा एस सीजी 7 सीए 0876, बोलेरो पिकअप सीजी 7 बीआर 3212, बारह चक्का&bsp; सीजी 4 जेडी 5615, पिकअप सीजी 07 एक्स 7758 ट्रक सीजी 4 जे 1052


FAYDE KE 20 DIN
2nd SEP - 22nd SEP

RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक®

BATH FITT. | TILES | PLYWOOD | HARDWARE
SANITARY | STONES | LAMINATE | KITCHEN ACCE.
WELLNESS | MOSAICS | VEENER | DECO. PANELS
WINDOW | QUARTZ | LOUVERS | WOOD. FLOOR

Limited Time.
Unlimited Fayde!

- Discounts on all product range
- Get discount vouchers for next purchase
- Upto 70% OFF On selected products

AND MANY MORE...

KOHLER | Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES
hansgrohe | icon WORLD OF TILE
fima CARLO FRATTINI | FlexStone
Oyster | haique Quartz | Marble | Terrazo
HÄFELE | SABURI PLYWOOD

OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Dhamtari Road, Devpuri 851 8882010
BILASPUR Vyapar Vihar Chowk 8518882030
JAGDALPUR Chitrakote Road 8518882020
SUNDAY OPEN

**खबर संक्षेप**

## ट्रेन से जेवरात का बैग गायब, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** ट्रेन में सफर के दौरान बैग से जेवरात से भरा बैग चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जीआरपी भिलाई तीन प्रभारी आरके बोर्झा ने बताया कि कोरबा निवासी विवेक चंद्रवंशी ट्रेन 18239 शिवनाथ एक्सप्रेस के कोच एच 5 बर्थ नंबर 7.80 में बैठे थे। ट्रेन से नागपुर जा रहे थे। इस दौरान भिलाई रेलवे स्टेशन पहुचने पर विवेक ने नींद खुलने पर देखा कि उसका ट्राली बैग गायब है जिसमें सोना चांदी के जेवरात करीब 50 हजार का गायब मिला। जीआरपी भिलाई तीन में शिकायत करने के बाद पुलिस हरकत में आते हुए बैग की खोजबीन में जुट गई। नागपुर निवासी अमित कुमार बकसरे नामक युवक के पास हरे रंग का बैग बरामद किया गया। पुलिस ने अमित को पकड़कर पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि ट्रेन से उक्त बैग को चोरी कर लेकर फरार हो रहा था।

### नशे के खिलाफ अभियान: 50 हजार का सामान भी किया जब्त

# गांजा तस्करी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नशे के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इस दौरान एसीसीयू और भिलाई नगर पुलिस ने कार्रवाई कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अवैध रुप से गांजा को रख कर सेक्टर 7 सडक 1, के पास बेचने की फिराक में खडा था। घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सेक्टर 7 निवासी रिजवान खान बताया है। उसके पास से पुलिस ने 5 किलो ग्राम गांजा सफेद रंग के बोरे से जब्त किया गया। उसकी कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। गौरतलब हो कि दुर्ग पुलिस नशे को लेकर बड़ा अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इस दौरान सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, टीआई प्रशांत मिश्रा समेत टीम मौजूद थी।

**एसीसीयू और भिलाई नगर पुलिस की कार्रवाई**



### बडे गांजा तस्करों का खाता होल्ड और वाहन भी जब्त

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र से बीते दिनों पुलिस ने अभियान चलाकर सेक्टर 6 सड़क 11 सी पिंटु कमार साहनी इंडियन बैंक खुर्सीपार खाता 50204507325, वार्ड 13 गांधी चौक एमपी अजय साहनी फिनो बैंक रायपुर खाता 20266316686, देवरिया यूपी एबी साहनी आईडीबीआई बैंक भिलाई खाता 2022104 000067856, अजय प्रसाद फिनो बैंक आईडीबीआई बैंक महाराष्ट्रा 0377979 00016519 के खातों के रकम को पुलिस ने होल्ड कराया है। इसके अलावा डोंगरीपाली निवासी बबुलू उर्फ बबूला बारिक एसबीआई खाता 35499197340 भी शामिल है। इसके अलावा पुलिस ने सात वाहनों को जब्त भी किया है। जिसमें सीजी 5 एफ 0431, जीजे 01 केडी 806804, सीजी 04 एचसी 2080, सीजी 04 केबी 4604, सीजी 07एजे 6067, सीजी 10 ईक्यू 3103, सीजी 07 सीएम 8863 वाहन शामिल है।

# महराजा चौक में विराजे आदियोगी पंडाल में बप्पा



**दुर्ग।** महाराजा चौक में आदियोगी कोयम्बटूर तमिलनाडु की तर्ज पर बना गणेश पंडाल इन दिनों आकर्षण केन्द्र है। यहां 50 फीट उंचा पंडाल बनाया गया है। बंगाल के कारीगरों ने इसे एक माह में बनाया व सजाया है। श्री आदर्श गणेशोत्सव समिति का यह 15 वां वर्ष है। यहां गणेशजी की प्रतिमा 15 फीट की शिल्पकार ग्राम थनौद में बनाई गी है। साथ ही कलर फूल लाइटिंग से सुज्जित किया गया है। श्री आदर्श गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र चंद्राकर, सचिव तरुण राजपूत व समिति के सदस्यों ने बताया कि 11, 12 एवं 13 सितम्बर को महाआरती, 14 सितम्बर को 56 भोग, 15 सितम्बर को फल एवं सब्जी का भोग व भव्य विसर्जन 18 सितम्बर को शाम 5 बजे होगा। पंडाल में प्रतिदिन संध्या 7 बजे आरती की जाती है।


**स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, स्मृति नगर, जुनवानी**

पंजीयन क्रमांक डी.आर./डी.आर.जी./68, दिनांक 11.11.1980

संदर्भ क्रमांक/स्मृति/2024/127 दिनांक 12.09.2024

**वार्षिक आम-सभा की सूचना**

संस्था की 38वीं वार्षिक आम सभा दिनांक 28.09.2024 (रविवार) को दोपहर 12:00 बजे संस्था के स्वामी विवेकानंद भवन, स्मृति नगर में आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। कोरम के आभाव में बैठक स्थगित कर आधा घंटे के बाद पुनः उसी दिनांक एवं स्थान पर प्रारंभ की जायेगी।

1. अध्यक्षीय प्रतिवेदन।
2. अंकेक्षित वित्तीय पत्रक 2022-23 का अवलोकन एवं अनुमोदन।
3. बजट वर्ष 2024-25 का अवलोकन एवं अनुमोदन।
4. संस्था के कर्मचारियो के वेतन वृद्धि करने पर विचार।
5. वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंकेक्षण बम्ब एण्ड टावरी, शैलेन्द्र नगर विनायक के पास रायपुर से करवाने पर विचार।
6. उपविधि में संशोधन पर विचार।

| अनु. क्रमांक | उपविधि में वर्तमान प्रावधान | उपविधि में प्रस्तावित संशोधन | संशोधन का कारण |
|---|---|---|---|
| 28(9) | नही है। | सोसायटी के सदस्यों के लिए संस्था द्वारा निर्धारित पानी, प्रकाश, नालीयों/सीवरेज लाईन सफाई आदि के लिए विहित मेटेनेंस शुल्क अदा करना अनिवार्य होगा। समय सीमा में विहित मेटेनेंस शुल्क जमा नही किये जाने पर वह सदस्य बोर्ड के सदस्य या प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचन हेतु अहितृ नही होगा न ही सोसायटी के किसी निर्वाचन में मतदान करने का अधिकार होगा। | दिनांक 14.10.2020 में 48 (7) (क) में किये गये संशोधन अनुसार सदस्यों को दी जाने वाली सेवाओं को न्यूनतम स्तर विहित किया जाना अनिवार्य हो गया है। |
| 51(3) | नहीं है। | संस्था के सदस्यों द्वारा स्मृति नगर के आवासीय/व्यवसायिक भूखण्ड/भवन के पुनर्विक्रय की स्थिति में विक्रेता सदस्य को भूखण्ड/भवन के मूल्यांकन के 6 प्रतिशत राशि का भुगतान हस्तांतरण शुल्क के रूप में संस्था को करना होगा। विक्रेता सदस्य को भूखण्ड/भवन का मूल्यांकन संस्था के अधिकृत वल्यूवर से करवाना होगा। | सहकारिता आयोग एवं पंजीयन सहकारी संस्थायें मध्य प्रदेश, भोपाल के आदेश क्र./हाउ./टू/87/1055 दिनांक 23.11.1987 के बिन्दु क्रमांक/09 -स भूखण्ड/भवनों के पुनर्विक्रय पर हस्तांतरण शुल्क लिया जा रहा है किन्तु संस्था की उपविधियों में इसका उल्लेख नही है। |

7. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की आज्ञानुसार।

नोट: वार्षिक आम सभा में केवल संस्था के सदस्य ही भाग ले सकेंगें सदस्यों के प्रतिनिधि या रिश्तेदारों को प्रवेश की अनुमति नही होगी।

**राजीव चौबे**-अध्यक्ष-स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित स्मृति नगर, पो. मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई छ.ग. पिन-490020


# पुरानी रंजिश के चलते हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद मौके पर पहुची और आरोपियों को खोजबीन कर दो युवको को हिरासत में लिया है। कोतवाली दुर्ग

- घटना दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना

पुलिस ने बताया कि कवर पारा गंजपारा वार्ड नंबर 37 निवासी शंकर यादव ड्राइवरी का काम करता था। पुरानी रंजिश के चलते युवकों ने चाकू मारकर उसकी हत्या कर मौके से फरार हो गए। घटना की खबर लगते ही पुलिस ने उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया। जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना मीलपारा दुर्ग के पास की है। घटना में शंकर को कमर, पेट और कंधे समेत शरीर कई हिस्सों में गंभीर चोट आई थी। बताया जा रहा है कि हत्याकांड में मोनू, सोनू नामक युवको का नाम सामने आया है। फिलहाल पुलिस युवको को हिरसत में लेकर पूछताछ कर रही है। गौरतलब हो कि जिले में हत्याकांड की वारदात लगातार जारी है जिसे लेकर पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करने के बाद भी अपराध पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

# कारोबारी को शादी का झांसा देकर 17.5 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एक महिला ने स्वजातीय बताकर एक परिवार से युवक से शादी कर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ

- दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना, 7 के खिलाफ जुर्म दर्ज

धारा 420, 120 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि शनिचरी बाजार दुर्ग निवासी संतोष जैन से शादी कर ससुराल वालों से 17 लाख 50 हजार रुपये ठगी किया। शादी के बाद परिजनों ने अपने कुलदेवी के मंदिर ले जाने के लिए युवती पूर्वा जैन उर्फ भारती नरगावे का आधार कार्ड मांगने पर पहले बहाना करने लगी। पोल खुलने की डर से घर में विवाद खडा कर दिया। मौका मिलते ही वर्ष 2024 माह अप्रैल में जैन परिवार के घर से फरार हो गई। परिजनों ने संदेह जताया कि शादी कर संपत्ति हड़पने का काम करने वाला गिरोह था। शिकायत के फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

कथित कथित विवाह एजेंट न्यू गायत्री नगर डीडीयू नगर, शुक्लिया इंदौर निवासी सरला जैन के माध्यम से खुद को पूर्वा भारती जैन बताने वाली महिला से परिजनों का परिचय हुआ था। उसने शांतिलाल जैन को पिता संतोष जैन को भाई, महावीर जैन, रीना जैन, सूरत के महावीर गांधी को रिश्तेदार बताया था। पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते पीड़ित संतोष ने 45 की उम्र में तक शादी नहीं कर पाया था। विवाह एजेंट सरला ने पूर्वा का रिश्तेदार बताया। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने पूर्वा भारती जैन,शांतिलाल जैन, विवाह एजेंट सरला जैन, संतोष जैन, महावीर जैन सूरत वाले, महावीर गांधी,रीना जैन के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। ये सभी आरोपी फिलहाल फरार है। जिसकी तलाशी में पुलिस जुटी हुई है।

### असलियत सामने आने के बाद से फरार

शिकायतकर्ता संतोष जैन के मुताबिक दुल्हन और उसके रिश्तेदारों का वास्तविक पहचान सामने आ गई है। दुल्हन भारती नरगावे, पिता भेरू सिंह नरगावे, विवाह एजेंट सरला जाधव, संतोष शर्मा, रीना जाधव, शिवराज जाधव है। सभी ने इंदौर के स्कीम नंबर-114, पार्ट-1 विजयनगर के पते निवास करते है। लड़की वालों ने ये शर्त रखी थी कि शादी का पूरा खर्च लड़के वालों को उठाना होगा। 3 मई 2023 को इंदौर के एक होटल में शादी संपन्न हुई। पहले ही पीड़ित परिवार वालों ने दुल्हन व उसके परिवार वालों को 17 लाख 50 हजार रुपए दे दिए थे। असलियत सामने आने के बाद सभी मौके से फरार हो गए है।

### “ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है

ठगी के मामले में सात के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया गया है। सभी आरोपी मौके से फरार है। गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई है।शादी का झांसा देकर ठगी किया है।

- विजय यादव
प्रभारी कोतवाली थाना दुर्ग

**निधन**

### अरुण कुमार कसार



**दुर्ग।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व साहित्यकार स्व. जमुनाप्रसाद कसार के सुपुत्र अरुण कसार का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे दुर्ग जिला हिन्दी साहित्य समिति के पूर्व उपाध्यक्ष थे। उनकी अंतिम यात्रा 12 सितंबर को सुबह 10.30 बजे उनके सिकोला भाठा, दुर्ग निवास से निकलेगी। अंतिम संस्कार हरनाबाँधा मुक्तिधाम, दुर्ग में होगा।

### श्रवण कुमार ताम्रकार

**दुर्ग।** पोटिया कला आदर्श नगर निवासी राज्य ग्रामीण बैंक मैनेजर पद से सेवानिवृत श्रवण कुमार ताम्रकार (गुड्डा) मंदलोर वाले 68 वर्ष का 8 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा में किया गया। रूपेश ताम्रकार, दीप्ति, फाल्गुनी के पिता थे।

# मोर मकान, मोर आस हितग्राहियों के लिए आज व कल लोन मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान.मोर आस घटक अंतर्गत हितग्राहियों के लिए 12 एवं 13 सितंबर को लोन मेला का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे हितग्राही

- निगम के डाटा सेंटर में किया जाएगा आयोजित

किरायेदार के रूप में निवासरत, बेघर परिवारों को आवास प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। हितग्राहियों द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर लॉटरी में भाग लेकर मकान अपने नाम आबंटित कराया गया है। आबंटन की शेष 90 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य है।



ततपश्चात मकान का अधिपत्य पत्र सौंपा जाता है। बहुत से हितग्राही शेष 90 प्रतिशत राशि जमा नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे हितग्राहियों के लिए लोन मेला लगाया जा रहा है। जिसके माध्यम से आबंटित आवास का कुल राशि जमा कर मकान प्राप्त कर सकेगें। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोन मेला नगर निगम के डाटा सेंटर में समय सुबह 10.30 से 5 बजे तक आयोजित किया जाना है।

बैंक द्वारा कम ब्याज दर पर आवास लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। हितग्राही को बैंक से लोन प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज आबंटन पत्र की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पास बुक की छायाप्रति, शपथ पत्र, 6 माह का बैंक स्टेटमेंट, वेतन प्रमाण पत्र, 3 पासपोर्ट साईज फोटो, किरायानामा, जमा की गई राशि की रसीद की छायाप्रति जमा कर आबंटिती अपनी सुविधा अनुसार बैंक से लोन प्राप्त कर आवास प्राप्त कर सकते है। बता दे कि महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सभी आबंटितों से अपील की है कि अपनी सुविधा के अनुसार बैंक से लोन प्राप्त करके शेष राशि जमा कर मोर मकान, मोर आस योजना अंतर्गत आबंटित मकान प्राप्त कर लें।

# बाढ़ग्रस्त इलाकों में बस रही आबादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिवनाथ नदी से लगे बाढ प्रभावित इलाको में लगातार सरकारी सिस्टम के सुस्त रवैय्य से आबादी बस रही है। हालात यह है कि, हर साल बाढ आने के चलते सैकडों रहवासियों को जानमाल का नुकसान उठाना पडता है। इसके बाद भी सरकारी सिस्टम इस खौफ को रोकने के बजाय यहां प्लाटिंग करने से लेकर आबादी बसाने की खुली छूट दे रखी है। यही कारण है कि, आज बाढ के चलते सैकडों घर बेघर होकर सडक पर आ गए है।

- हर साल जानमाल का नुकसान

बाढ के चलते पोटिया चौक, पुलगांव चौक, गंज पारा तक इलाका प्रभावित हुआ हैं। शिवनाथ नदी से लगा एरिया को लगातार प्रतिबंधित किए जाने की मांग होती आ रही है। लेकिन यहां कई रिहायसी होटलों से लेकर कमर्शियल दुकाने खुल गई है। यही नही शिवनाथ नदी से लगे खाली प्लाटों में अवैध प्लाटिंग भी हो रहा है। बाढ में महमरा बस्ती डूब चुका है। लेकिन हाल ही में नदी किनारे यहां एक बडी कालोनी बसाई जा रही है। नदी किनारे बसा महमरा हर साल बाढ के चपेट में आता है। इधर अंजोरा चौक तक आबादी बस रही है। इस पर प्रतिबंध नही लगाए जाने के कारण हर साल सैकडों लोगों की जान आफत में पड रही है। बहरहाल शिवनाथ नदी के किनारे रहने वाले लोगों के घरों को खाली कराया गया है। इसके आलावा दर्जनभर से अधिक गांव जो नदी किनारे बसे है, वहां भी गांव खाली करा दिया गया है।



### पुलगांव तक बाढ़ का असर

शिवनाथ नदी में बाढ का असर पुलगांव तक हर साल देखा जाता है। पुलगांव चौक से इधर डीमार्ट तक चारों तरफ पानी ही पानी है। वही गंज चौक से आगे पुलगांव नाका बाढ के पानी से भर चुका है। यहां आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। गंज चौक के पीछे करीब दर्जनभर से अधिक लोगों का घर खाली करा दिया गया है।

### बाढ़ में फंसे पन्द्रह लोगों को निकाला गया



महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का मौका निरीक्षण किया। महापौर धीरज बाकलीवाल को सूचना मिली कि, रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे कुछ लोग बाढ़ में फंसे हुए है। सूचना मिलते ही महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर अमला के साथ पहुँचे। रिलायंस पेट्रोल पंप पुलगांव नाले के पास फंसे हुए 15 लोगों को रेस्क्यू करके नगर निगम की टीम द्वारा बाहर निकाला गया एवं सुरक्षित स्थानों में पहुचाया गया। महापौर ने शिवनाथ नदी के किनारे पुलगांव राहत कैम्प में बाढ़ पीड़ति लोगों से

### घर में घुसा पानी सड़क पर परिवार



महमरा निवासी राधा बाई साहु, लक्ष्मी महार, दुलारी वर्मा, मैना बाई सोनटके, कुमारी ठाकुर और करन साहु व रेखा साहू ने बताया कि, महमरा इलाका पूरा डूब गया है। घर से उन्होने राशन व जरूरी सामान तक नही निकाल पाए है। उन्होने बताया कि, वे सडक पर बैठे है। उन्होने बताया कि, रात को अचानक बाढ बस्ती में घुसी, जबकि उन्हें मुनादी कराए जाने को कोई सूचना नही मिली थी। महमरा में महिला व बच्चे सडक पर बुधवार को दिनभर भटकते रहे। ग्रामीणों ने बताया कि, बाढ में कई जहरीले सांप भी घरों में घुस रहे है।

### प्रशासन की तैयारी नहीं, कंट्रोल रूम भी बंद

बाढ जैसे हालात दो दिन पहले हो चुके थे। इसके बाद भी प्रशासन की ठोस तैयारी नही दिखी। आनन फानन में मंगलवार की शाम मुनादी कराया गया। जबकि उस दौरान बाढ का पानी बैराज सहित जलाशयों से छोड दिया गया था। इधर कलेक्टोरेट में कंट्रोल रूम बनाया गया है। लेकिन यहां प्रभारी का ही पता नही था। वहां कर्मचारियों का कहना था कि, सिर्फ दो से तीन लोगों का ही फोन आया था। यहां प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर भी जारी नही किया गया था।




## खबर संक्षेप

### कुश जयंती कार्यक्रम स्थगित

भिलाई। कुशवाहा विकास समाज भिलाई दुर्ग के सभी सम्मानित सदस्यगण को सूचित किया जाता है कि कुश जयंती का जो कार्यक्रम 15 सितंबर को निर्धारित था जो समाज के पदाधिकारीगण के निर्णय अनुसार कुछ विशेष कारणों से स्थगित किया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष हरिवंश सिंह एवं समाज के पदाधिकारीगण ने दी।

### खुमेश का किया स्वागत



सेलूद। पाटन ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बेलौदी निवासी राजेंद्र कुंजाम के पुत्र खुमेश कुंजाम का वर्ष 2023 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयन हुआ। बेलौदी का यह पहला युवा है जिनका चयन सीआरपीएफ में हुआ है। सीआरपीएफ का ट्रेनिंग कर वापस गृहग्राम बेलौदी लौटने पर युवाओं ने गाड़ाडीह से डीजे की धुन में भारत माता की जयकारे लगाते मोटर साइकिल रैली का काफिला के साथ बेलौदी पहुंचने पर ग्रामीणों ने खुमेश कुंजाम का आरती व फूल मालाओं से स्वागत किया। खुमेश का स्वागत करने मनवा कुर्मी समाज पाटन राज प्रधान युगल किशोर आडिल, भूतपूर्व सैनिक संदीप बंछोर, दरबार मोखली सरपंच आशीष बंछोर, देवकुमार निषाद, टिकेंद्र यादव, चिन्ता राम यादव, देवकुमार यादव, रामाधार आदि ने स्वागत किया।

### मिसेज छत्तीसगढ़ स्पर्धा में अभिलाषा रही विजेता




सेलूद। उत्तर प्रदेश गाजीपुर के संस्था साहित्य सरोज द्वारा छत्तीसगढ़ के साहित्य सरोज संस्था बिलासपुर के प्रभारी डॉ. शीला शर्मा ग्रुप के द्वारा मिसेज छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता 2024 का आयोजन बिलासपुर के सिद्धि मुस्कान भवन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेहतर संचालन भिलाई 3 के संजय कुमार मैथिल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अखंड प्रताप सिंह संस्थापक, निर्णायक डॉ. शशि मिश्रा, फिल्म अभिनेता निर्माता निर्देशक बिलासपुर के सुनील दत्त, रायपुर के सुप्रसिद्ध अदाकारा सीमा निगम, मीना भारद्वाज संस्था के प्रमुख डॉ. शीला शर्मा, गौरी कश्यप आदि की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों का क्वीन, रनर आदि 6 राउंड में कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मिसेज छत्तीसगढ़ के रूप में अभिलाषा झा, भाटापारा छत्तीसगढ़ विजेता घोषित हुई।

## निधन

### रामदुलारी



भिलाई। गंजपारा दुर्ग निवासी रामदुलारी उम्र 74 वर्ष का 10 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे राम की पत्नी, जगतपाल की बहन एवं बलराम की मां थीं।

### लगातार हुई बारिश से अंचल के कई गांव बाढ़ से हुए प्रभावित, लोग दहशत के साये में कर रहे रतजगा

# बाढ़ में फंसी हजारों ग्रामीणों की जिंदगी, प्रशासन मौन




### अंधेरे में कट रही जिंदगी, 9 वर्ष के बाद भी बाढ़ राहत भवन नही मिला



दिलीप साहू ▶▶ निकुम

9 सितम्बर से लगातार बारिश होने से नदी किनारे बसे गांव में बाढ़ आने से गांवों का संपर्क टूट गया है, बिजली बंद हो गया है। वहीं बेबस बाढ़ ग्रस्त हजारों ग्रामीण घर आंगन डूबने से रतजगा कर रातभर पराधीन होकर दहशत के साये में दिन रात गुजार रहे हैं। सत्ता, सरकार बदली लेकिन दर्दनाक मंजर को देख कर लगता है, जिले में बैठे जिम्मेदार अधिकारी बेखबर है। पीड़ित ग्रामीण के सुध लेने कोई पहुंचा नही, ना ही कोई राहत मिली है। अचानक भारी बारिश होने के साथ शिवनाथ व तांदुला नदी पर पानी छोड़ने से बाढ़ की हालात बन गई है। नदी किनारे गांव आमटी, आलबरस , तिरगा, झोला, खाड़ा, भोथली, रुदा, चंगोरी, अछोटी, भरदा में बाढ़ का पानी घुसने लगा। आनन-फानन में ग्रामीण एक दूसरे के देवदूत बन पीड़ित ग्रामीण अपने घर रहने, खाने की व्यवस्था का मानवीय फर्ज निभाते दिखे। वहीं किसानों की हजारों एकड़ रकबा पानी में तरबतर हो गया, जबकि खलिहान में रखे पशुचारा पानी में बह गया। वहीं कर्जदार अन्नदाता बाढ़ के कहर के कारण चिंतित है, धान फसल, सब्जी, पशुचारा सहित जमकर नुकसान हुआ है। नदी नाले खतरे के निशान के ऊपर है। स्कूल, सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत सभी जलमग्न हो गये हैं। वहीं दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से हरिभूमि संवाददाता ने मामले की जानकारी देने पर कहा कि नदी किनारे गांवों की जानकारी लेती हूं।

### 90 कच्चे मकान, नहीं मिल रहा पीएम आवास



ग्राम भोथली के सरपंच सुरेश लगातार सरपंच है। वहीं बाढ़ के कारण ग्रामीणों को दूसरे के छतों व आशियाना का सहारा लेना पड़ता है। नदी किनारे लगभग 1500 की आबादी होने के बावजूद बीते 9 वर्ष बाढ़ से बचाव व ग्रामीणों को सुविधा देने बाढ़ राहत कक्ष की मांग करके थक गये, लेकिन भवन नही बन पाया जिसके कारण बरसात में बेघर ग्रामीणों को मुसीबत झेलनी पड़ती है। वहीं 90 कच्चे मकान हैं, जिनको पीएम आवास का लाभ नही मिला। वहीं स्कूलों में पानी भरने से जीव जंतुओं का खतरा स्कूली बच्चों पर बना रहता है।

### तिरगा में डूबे 45 घर, भवन बना सहारा

ग्राम सरपंच तिरगा घसियाराम देशमुख ने बताया कि बाढ़ में तिरगा के आवास पारा में 45 परिवार के घर डूबने से बेघर हो गये हैं, फिलहाल परिचितों के आश्रय दिया गया है। ग्रामीणजन एक दूसरे की मदद कर रहे हैं। लगातार पीड़ित ग्रामीणों के सुध ले रहे हैं।

### रुदा में डूब गया शिक्षा का मंदिर, स्कूल बंद

शिवनाथ के किनारे बसे ग्राम रुदा चारों तरफ से पानी में टापू बना है, वहीं शिक्षा का मंदिर भी डूब गया, जिसमें प्राथमिक शाला, माध्यमिक व हाई स्कूल की कक्षा लगती है। जिसके कारण स्कूल बंद है। वहीं ग्रामीण दीपक साहू ने बताया कि बाढ़ के कारण घरों में पानी घुस गया है। मुसीबत के समय ग्रामीण एक दूसरे का सहारा बने हुए हैं। वही सरपंच हुल्ली बाई साहू ने कहा कि प्रशासन को सुध लेने की फुर्सत नही है, ग्रामीणजन, किसान चिंता में है, वहीं रुदा व खाड़ा में सामुदायिक भवन सीसी रोड के लिए डंप 500 सीमेंट बैग पानी में डूब गया। वही रुदा के किसान व पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि सैकड़ों एकड़ खेतों में पानी में डूब गई, जिसके कारण धान के फसलों व सब्जी बाड़ी में नुकसान से किसान चिंता में है।

### चिंता नहीं सावधानी बरते ग्रामीणजन

क्षेत्रीय विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर ने जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर जानकारी लेते हुए कहा ग्रामीण चिंता नही सावधानी बरते, वह अधिकारियों से जानकारी लिया उन्होने कहा क्षेत्र के दौरा कर जानकारी लेकर हर संभव ग्रामीण की मदद करेंगे। अंडा पुलिस भी सर्तक बरते हुए हैं। अंडा थाना के प्रभारी भानुप्रताप साव व अंडा पुलिस टीम ने लगातार नदी किनारे के गांव में ग्राम के जनप्रतिनिधयों से संपर्क किया, वही बाढ में किसी प्रकार की कोई जनहानि नही हुई।

### भारी बारिश व बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर विधायक ललित ने दिए सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर काम करने के लिए निर्देश



अंडा। कुछ दिनो से जोरदार बारिश ने पूरे प्रदेश में दस्तक दी है। प्रदेश के साथ साथ दुर्ग जिले तेज बारिश का असर देखने मिला रहा है। मोंगरा जलासाय से पानी छोड़ने के कारण यहां नदी-नाले उफान पर रहे, वहीं कई गांवों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई हैं। इस स्थिति को देखते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बाढ़ प्रभावित एरिया का सर्वे किया वस्तु स्थति का जायजा लिया। लोगो से मुलाकात किया और जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक, जिला सीईओ अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार सभी अधिकारी कर्मचारियों को फोन के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ हीं जनपद पंचायत सीईओ के माध्यम से समस्त सचिव, पटवारी को दिशा निर्देश प्रदान किया और कहा कि जहां-जहां बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई हैं उस प्रभावित एरिया का सर्वे करे और प्रभावित लोगों को सुरक्षित जगह पर रखे प्रभावित लोगो को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं और शिवनाथ नदी ,तंदूला नदी, खरखरा नदी से लगे ग्रामों में जल भराव स्थिति निर्मित होने पर लोगो को सुरक्षित स्थानों पर रखने और जरूरी आवश्यकता समान प्रदान करे ।
पुल-पुलिया के ऊपर जाने की कोशिश न करें विधायक ललित चंद्राकर ने जिले में जारी बारिश को देखते हुए आम नागरिकों से इस दौरान सावधानी बरतने की अपील की है। विधायक ने कहा है कि शिवनाथ नदी, तांदुला नदी, खरखरा नदी उफान पर है। इसके अलावा जिले के अन्य अंचलों के मौसमी नदी-नालों के जलस्तर में वृद्धि होने पर उनसे सुरक्षित दूरी बना कर रखें। नदी -नालों के उफान पर है पुल-पुलिया के ऊपर से पानी बहने की स्थिति में इसे वाहन सहित या पैदल पार करने की कोशिश बिल्कुल नहीं करें। किसी भी हाल में जान जोखिम में ना डालें। ऐसा खुद भी ना करें और दूसरों को भी बढ़े जलस्तर वाले जल स्त्रोत नदी-नाले से सुरक्षित दूरी बनाकर रखने की सलाह दें।
दुर्ग अंजोरा, पुलगाव, थनौद, पीपरछेड़ी, महमरा, चंगोरी, झोला,तिरगा, भोथली, खाडा,रूदा, भरदा, आलबरस, चिंगरी,कोनारी,पिसेगांव आमटी,विनायकपुर, मोहलाई, बघेरा, गनियारी, उरला, अछोटी,बेलौदी, भेडसर, भटगांव , डंडेसारा, समोदा, रवेलीडीह ये सभी गांव बाढ़ में डुबे हुए हैं। पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन ने बताया कि चंगोरी, झोला,तिरगा, भोथली, खाडा,रूदा के लगभग 2000 रकबा फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गया हैं। और तिरगा के 80 घरों में पानी घुस गया हैं,दूसरे के घर शरण लिए हैं, शासन प्रशासन से निवेदन हैं तत्काल राहत नामा प्रारंभ करे । अंडा थाना प्रभारी डा.भानुप्रताप साव ने अपने बल दल के साथ विशेष बाढ़ीतों का मदद में लगे रहे । बताया कि लगभग अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 10 गांव बाढ़ में प्रभावित हुए हैं इनकी सुरक्षित के लिए लगे हुए हैं,किसी भी तरह की घटना दुर्घटना नहीं हुआ हैं, शासन प्रशासन से किसानों का खेत बाढ़ में डुबा हुआ हैं ,उसका राहतकोश मिलना चाहिए। दुर्गग्रामीण क्षेत्र के निकुम से भरदा, अर्जुन्दा से सोमनी ये सभी मार्ग बाढ़ में रास्ता बंद हो गया हैं। जिससे क्षेत्र में आवागमन बंद हो गया हैं। तिरगा , झोला के ग्रामीण जन पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन, जनपद सदस्य हेमकुमारी देशमुख, घनश्याम देशमुख, नीलकंठ, युवराज, पीलेश्वर,हरिश,भागवत, रोमन,एमन देशमुख, मनीष बेलचंदन, दिलीप, चिंगरी विनायकपुर बंगाली बाढी से कृष्णा बंगाली,मनोज बंगाली खेदू हरिशंकर तिवारी,रवि, अनिल, कमल किशोर सहित सरपंच झोला घृतपाल देशलहरे,तिरगा सरपंच घसियाराम देशमुख,भोथली सरपंच सुरेश छोटू साहू,खांडा, रूदा सरपंच हुल्ली बाई साहू,आलबरस आशा देशमुख, भरदा पोषण लाल ठाकुर सहित क्षेत्र के अन्य ग्रामीण जन शासन प्रशासन से बाढ़ राहतकोश के लिए गुहार लगा रहे हैं।

# पर्ल्स एग्रोटेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निवेशक और कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन में हुए शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

10 सितम्बर को पर्ल्स एग्रोटेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड पीएसीएल लिमिटेड के हजारों की संख्या में निवेशक एवं कार्यकर्ता दिल्ली धरना प्रदर्शन जंतर मंतर में शामिल हुए। निवेशक एवं कार्यकर्ता अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा पीएसीएल कंपनी में निवेश किए हैं। कंपनी 34 सालों से जनता से पैसा एफडी एवं आरडी के एवज में जमा कराती थी, सरकार से पंजीकृत एवं पुरस्कृत संस्था पीएसीएल को कई बार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड मिले थे, जनता एवम बेरोजगारों युवकों ने भरोसा कर इस कंपनी में अपना निवेश किया था।

■ निवेशकों के पैसे वापसी नहीं होने से सभी ने आगे उग्र आंदोलन करने का संकल्प लिया

34 साल बाद संस्था को सन 2014 मे बंद कर दिया गया। कार्यकर्ता बेरोजगार हो गए और अपने रिश्तेदारों का पैसा निवेश कराए थे उनके सामने वे जलील हो गए। उनका निवेश पैसा अभी तक दिला नही पाए, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है कि निवेशकों का पैसा 6 माह के अंदर वापस किया जाय। फरवरी 2016 के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश फैसले के बावजूद 10 सितम्बर माह तक लोगों का पैसा नही मिला। मात्र कुछ लोगों को दिया गया। जंतर मंतर धरना प्रदर्शन स्थल पर देश के प्रत्येक राज्य से हजारों की संख्या में निवेशक एवं कार्यकर्ता दिल्ली धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।

धरना सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। एआईएसओ आल इन्वेस्टर सेफ्टी आर्गेनाइजेशन के बैनर तले यह धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश राम देवांगन, नरेश सागरवांशी, मोहर सिंह पटेल, संतोष साहू, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नन्द किशोर साहू के नेतृत्व में समय लाल साहू, एचके देशमुख, लक्ष्मीपति राजू, सुशील शर्मा, लक्ष्मीनारायण, धनराजू, मेघनाथ यादव, कृपा राम गजेंद्र, राजेंद्र पटेल, देवनारायण साहू, बसंत कोसे, विजय रामटेके, संतोष साहू, इसके अलावा पूरे छत्तीसगढ़ से महासमुंद, रायगढ़, राजनांदगांव, बिलासपुर, राजिम और पूरे छत्तीसगढ़ से सभी जिलों से निवेशक एवं कार्यकर्ता दिल्ली धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। धरना में अनेक संगठनों ने एवं अनेक राजनीतिक पार्टी के नेताओं ने अपना समर्थन दिया। निवेशकों के पैसे वापसी नहीं होने से सभी ने आगे उग्र आंदोलन करने का संकल्प लिया।

# कर्मचारियों ने डीए सहित विभिन्न मांगों के लिए पाटन में मशाल रैली निकाली



पाटन। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर डीए, एचआरए, चार स्तरीय वेतनमान, वेतन विसंगति सहित विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेश ब्लाक शाखा पाटन द्वारा आंदोलन स्थल जनपद पंचायत पाटन के सामने 11 सितम्बर को एक दिवसीय धरना व मशाल रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाटन को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। उक्त अवसर पर फेडरेशन के ब्लाक संयोजक महेन्द्र कुमार साहू, संरक्षक टिकेन्द्र वर्मा, प्रांतिय मीडिया प्रभारी ललित कुमार बिजौरा, शिक्षक संघ अध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार गंजीर, कृषि विभाग अध्यक्ष योगेश वर्मा, रामकृष्ण ताम्रकार, बुधराम ठाकुर, विक्रम ठाकुर, जितेश कुमार वर्मा, नीलमणी वर्मा,ब्लाक अध्यक्ष सचिव संघ 8प्रदीप चन्द्राकर, गिरधर प्रसाद वर्मा, विनोद साहू, नरेश पटेल, अगेश्वर दास, कपिल सिन्हा, दुलेश्वरी देशमुख, सुरेश श्रीवास, लोकेश मढरिया, युवराज बैस, उदय सुधीर, जितेंद्र कुमार ठाकुर, माखन लाल वासनिक, लोमश साहू, पुनेन्द्र कुमार, आई के कुर्रे,पेखन साहू, आरती यादव, गायत्री भारती आदि उपस्थित थे।

# ठकुराइन टोला हुआ जलमग्न



पाटन। पाटन से लगा हुआ ग्राम ठकुराइन टोला अब उफान पर है। इस नदी को देखने के लिए दूर दूर से लोग पहुंच रहे हैं। बताया जाता है कि मंदिर के सीढ़ियां लबालब हो गए हैं। मंदिर में नाव के सहारे पूजा करने जाते हैं।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**7987328736, 7489348301**

**न्यायालय नायब तहसीलदार जामगाँव (आर) के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202408101700063/**
विषय:- अ-6 सनः- 2023-2024
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
कुरमीगुंडर (प.ह.न. 00048),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - यशवंत, बंशीलाल, गनेशिया बाई,
अनावेदक पक्षकार -यशवंत, गनेशिया बाई, बंशीलाल,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम कुर्मीगुण्डरा प.ह.नं. 48 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक यशवंत पिता डोमार निवासी ग्राम कुर्मीगुण्डरा द्वारा ग्राम कुर्मीगुण्डरा प.ह.नं. 48 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि बी-1 अनुसार बंशीलाल, यशवंत पिता डोमार, गणेशिया पति डोमार के नाम दर्ज भूमि खसरा नं (रकबा) 90 (0.0500 ), 1296 (0.5800), 426 (0.2000), 1335 (0.3500), 427 (0.1900), 1634 (0.0400), 430 (0.1900), 429 (0.0600 हे.), 533 (0.1800 हे.), 1244 (0.0700 हे.), 72 (0.2200 हे.), 1251 (0.0800 हे.) में उनकी माता गणेशिया बाई का मृत्यु प्रमाण पत्र 23.11.2001 के अनुसार फौती संशोधन किये जाने हेतु जनसमस्या निवारण शिविर में आवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 19-09-2024 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
MAMTA TAWARI
**नायब तहसीलदार जामगांव आर तहसील -पाटन**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील- अहिवारा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

**रा.प्र.क्र./202202102800060/ब-121 /वर्ष 2021-2022**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला-दुर्ग से प्राप्त ज्ञापन क्रमांक/179/अ.वि.अ./वाचक-1/2022 धमधा, दिनांक 28.01.2022 के अनुसार आवेदक श्री आशुतोष ड़डसेना प्र.उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, दुर्ग के द्वारा मौजा नंदौरी प.ह.नं. 61 रा.नि.मं. मुरमुदा तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 267/1 रकबा 1.00 को ग्रामीण अधोसंरचना विकास निधि योजनांतर्गत गोदाम सह कार्यालय भवन निर्माण हेतु आबंटन किये जाने के संबंध में जाँच प्रतिवेदन बाबत् आवेदन इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 18-09-2024 तक पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 28.08.2024**
**पेशी दिनांक - 18.09.2024**

मुहर
**नायब तहसीलदार अहिवारा**

**नाम परिवर्तन**

मैं आरती ताम्रकार पति श्री इन्द्र कुमार ताम्रकार उम्र 60 वर्ष जाति तमेर ग्राम बोरी तह. बोरी जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं, जो कि निम्न लिखे अनुसार कथन शपथपूर्वक करता/करती हूं कि:-

1. यह कि शपथकर्ता का पता/निवास उपर लिखे अनुसार है।
2. यह कि शपथकर्ता का सही नाम आरती ताम्रकार/AARTI TAMRAKAR है, जो उसके आधारकार्ड, पेनकार्ड व अन्य सभी में दर्ज है, परंतु शपथकर्ता का नाम उसके पासपोर्ट में त्रुटि से ARTI DEVI TAMRAKAR दर्ज हो चुका है, जिसे सुधारकर शपथकर्ता का सही नाम AARTI TAMRAKAR दर्ज करने की आवश्यकता है।
3. यह कि शपथकर्ता को उसके सही नाम आरती ताम्रकार/ AARTI TAMRAKAR आ./ पति श्री इन्द्र कुमार ताम्रकार, ग्राम बोरी जिला दुर्ग छ.ग. से जाना/पहचाना जाए।
4. यह कि सक्षम अधिकारी के समक्ष यह शपथपत्र पासपोर्ट में त्रुटि सुधार हेतु प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता है कि शपथपत्र के अभिकथन कंडिका क्रमांक 1 से 4 पूर्ण रुप से सत्य व सही है, जिसे आज दिनांक 08/09/2024 को स्थान धमधा जिला दुर्ग में पढ़कर, समझकर अपने हस्ताक्षर से सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ता**

**NAME CHANGE**

It Informed to the general public that I, AARTI TAMRAKAR H/O SHREE INDRA KUMAR TAMRAKAR resident of Gram, bori, tahsil bori, distt. Durg (C.G.) have changed my old name ARTI TAMRAKAR H/O SHREE INDRA KUMAR TAMRAKAR. So in future I should be recognised by new name that is AARTI TAMRAKAR H/O SHREE INDRA KUMAR TAMRAKAR resident of Gram, bori, tahsil bori, distt. Durg (C.G.) in all Govemment and other documents.

**AARTI TAMRAKAR**
**Gram, bori, tahsil bori, distt. Durg (C.G.)**

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद




भिलाई। दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क./202408104700010/ अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है गोकुल प्रसाद साहू पिता-चंद्र कुमार साहू निवासी-मकान नं.-219, वार्ड नं.-13, ग्राम व पो. करंजा भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि मौजा- ढौर प.ह.नं. 12 रा.नि.मं.दुर्ग-1 खसरा नंबर 850, 906, 910, रकबा 0.1200,0. 1400,0.2800 हे. जो कि स्व. शांति बाई, मेरी दादी के नाम पर दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 30/12/2023 को हो गई है। आवेदक की दादी द्वारा रजिस्टर्ड वसीयतनामा मेरे नाम के किया गया है। अतः उक्त भूमि को रजिस्ट्रर्ड वसीयतनामा मेरे नाम पर करने हेतु आवेदन वसीयत नामांतरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 26/09/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/08/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक- 06/08/2024
सुनवाई दिनांक- 26/09/2024

अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाइक की ठोकर से वृद्ध की मौत

**भिलाई।** नशे में धुत वृद्ध की सड़क हादसे में मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि शंकर नगर दुर्ग निवासी मेहतरु राम देवांगन नशे की हालत में था। बाइक सीजी 08 बीए 5025 में सवार होकर दो युवकों ने वृद्ध को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में गंभीर अवस्था में वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

### बीएसपी को मिला ऊर्जा उत्कृष्टता पुरस्कार



**भिलाई।** बीएसपी को हैदराबाद में आयोजित सीआईआई राष्ट्रीय ऊर्जा उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में वर्ष 2023–24 के लिएएक्सीलेंट एनर्जी एफिषियेंट एनर्जी यूनिट पुरस्कार" एवं "मोस्ट इनोवेटिव प्रोजेक्ट पुरस्कार" से सम्मानित किया गया है। बीएसपी को प्लांट से एलडी स्लैग का उपयोग कर अपनी पेवर ब्ल क निर्माण परियोजना के लिए यह पुरस्कार प्रदान किए गए।

### आवंटी ने नहीं कराया था पट्टे का नवीनीकरण, कब्जा कर चला रहा था अनाधिकृत कोचिंग


# हाईकोर्ट ने न्यू सिविक सेंटर में दुकान के लीजधारकों पर भिलाई इस्पात संयंत्र के जुर्माने को बरकरार रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

उच्च न्यायालय, बिलासपुर ने एक अहम फैसले में जसराज कोचर (पावर आफ अटर्नी धारक दिनेश सिंघल के माध्यम से) बनाम सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के मामले में अपने आदेश में बीएसपी के दुकान में लीजधारक द्वारा किए गए उल्लंघनों के एवज में जुर्माना वसूलने के अधिकार को उचित ठहराया है।

इस मामले के अनुसार जसराज कोचर को दुकान नंबर 182, न्यू सिविक सेंटर 30 साल की लीज पर आवंटित की गई थी, जो वर्ष 2012 में समाप्त हो गई थी। कोचर ने अपने पावर आफ अटर्नी के रूप में दिनेश सिंघल को नामित किया था। आवंटी ने तय समय में अपने पट्टे का नवीनीकरण नहीं कराया और दुकान में भी उल्लंघन किया। वर्ष 2005 में बीएसपी द्वारा आवंटी को उल्लंघनों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था, जिसमें बीएसपी की भूमि का अतिक्रमण, अनाधिकृत निर्माण, अतिरिक्त मंजिल का निर्माण और दुकान में कोचिंग कक्षाओं का अनाधिकृत व्यापार चलाना शामिल था। आवंटी द्वारा उल्लंघनों को दूर करने में विफल होने पर दुकान के बिलों में मासिक दंड अधिभार लगाया गया था।

**दिनेश सिंघल की खारिज की याचिका**



### आवंटी ने दंडात्मक अधिभार को दी थी चुनौती

आवंटी ने बीएसपी के दंडात्मक अधिभार लगाने के अधिकार को यह कहते हुए चुनौती दी कि लीज अनुबंध के अनुसार बीएसपी के पास दंडात्मक अधिभार लगाने की अधिकार नहीं है।

हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया कि दिनेश सिंघल द्वारा दायर याचिका में कई तथ्यात्मक विवाद थे और याचिकाकर्ता द्वारा किए गए उल्लंघन को उनकी जानकारी में लाने और जुर्माना वसूलने के लिए बीएसपी द्वारा नोटिस जारी करना लीज अनुबंध के खंड के अनुसार उचित है। बीएसपी को लीजधारक से जुर्माना वसूलने का अधिकार है।

### उल्लंघन हटाने बीएसपी का नोटिस

बीएसपी ने याचिकाकर्ता लीजधारक की जानकारी में कई उल्लंघनों को लाकर उल्लंघनों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया था और लीजधारक से उक्त उल्लंघनों को हटाने के लिए कहा था और जब लीजधारक ध्याचिकाकर्ता ने बीएसपी द्वारा बताए गए उल्लंघनों को नहीं हटाया, तो उस पर जुर्माना लगाया गया।कोर्ट ने कहा कि जहां तक जुर्माना वसूलने के अधिकार का सवाल है, प्रतिवादी सेल ने लीज समझौते के अनुसार जुर्माना वसूला है और लीज अनुबंध के किसी भी कानून या शर्त का कोई उल्लंघन नहीं है। 2005 में जारी किया गया नोटिस न्यायसंगत और उचित है और इसमें न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने याचिका खारिज कर दी है।

# लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया शर्तों के अनुसार जल्द निपटाएं: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



- पत्रकारवार्ता कहा राहत के लिए बीएसपी प्रबंधन को दिए निर्देश

सांसद विजय बघेल ने कहा है कि मैंने सेल ले प्राप्त निर्देश के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को को निदेशित किया है कि टाउनशिप के व्यापारिक, शैक्षणिक,धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं और उनके आवास, जो 2008 के पूर्व लीज पद्धति पर आवंटित किए गए हैं, उन सभी संगठनों के नवीनीकरण की प्रक्रिया उनके साथ संपादित की गई लीज अनुबंध की शर्तों के मुताबिक किया जाए। प्रकरणों को जल्द समाप्त कर शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रबंधन मदद करे।

श्री बघेल ने प्रेस वार्ता में बताया कि बीएसपी टाउनशिप में अनेक सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं के लीज नवीनीकरण के प्रकरणों के निराकरण के लिए 10-12 सालों से संघर्षरत भिलाई स्टील सिटी चेम्बर ऑफ कामर्स तथा विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी निदान के लिए मुझसे संपर्क करते रहें। मैंने पीएमओ को सभी दस्तावेज सहित पत्र प्रेषित किया था। मुझे चेम्बर ऑफ कामर्स को यह जानकारी दी गई थी कि वर्तमान में जो लीज नवीनीकरण हेतु राशि तय की गई है, उसे सेल की 340 वीं बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णय का उल्लेख करते हुए उनके निर्देशानुसार राशि लेना तय किया गया है। सांसद ने कहा कि इस संदर्भ में जनसूचना अधिकार अधिनियम के माध्यम से सेल के पत्र में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि सेल बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णय में इस बात की जानकारी है कि वर्ष 1980 से 2000 के मध्य लीज पद्धति पर आबंटित दुकान सह आवास, धार्मिक संस्थायें, शैक्षणिक संस्थायें एवं सामाजिक संस्थाओं को आबंटित भूमि पर 2008 के निर्णय लागू नहीं होंगे। सांसद बघेल ने कहा कि इसकी जानकारी पीएम को भी पत्र में दी जिसमें मैंने कहा कि बीएसपी प्रबंधन ने मुझे व आपके कार्यालय को गलत एवं भ्रामक जानकारी देकर गुमराह किया है। श्री बघेल ने बताया कि उन्होंने बीएसपी प्रबंधन को जल्द लीज मामलों को निपटाने के निर्देश दिए हैं।

# मकान से तीन लाख की चोरी

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर उपचार के लिए परिवार के लिए अस्पताल निकले थे। इस दौरान अज्ञात ने मकान में ताला जड़कर सोना चांदी के जेवरात पार कर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि अंकिता वर्मा ने शिकायत किया कि पिता हरिश चंद्र वर्मा के बाईपास सर्जरी के लिए मकान में ताला जड़कर चाबी नाना हीरा लाल मोहलिया को देकर एसएमसी अस्पताल रायपुर चल गये थे। नाना अपने गांव बरबसपुर जाने के लिए निकल गए। मामा ने फोन कर बताया मकान में चोरी हो गया है। मकान से अज्ञात ने सोने के जेवरात लेकर फरार हो गया। नकदी रकम समेत 3 लाख का सामान पार हो गया है।

# महिलाओं के लिए वाहन चालन प्रशिक्षण का दूसरा बैच शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- बीएसपी की पहल से 16 महिलाएं होंगीं लाभान्वित

सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र का निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा, ड्राइविंग और ट्रैफिक रिसर्च संस्थान, प्रशिक्षण केंद्र, नवा रायपुर (आईडीटीआर) के सहयोग से भिलाई और आसपास के क्षेत्रों की 50 महिलाओं को अलग अलग बैचों में 1 महीने के लिए, निःशुल्क लाइट मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान किये जाने की योजना का क्रियान्वन शुरू हो चुका है। कौशल विकास योजना के तहत इस प्रशिक्षण के दूसरे बैच का उद्घाटन कार्यक्रम, सीएसआर विभाग के सेक्टर 5 आफिस में, डीआईजी (सीआईएसएफ) प्रतिभा अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

प्रशिक्षण के के लिए सीएसआर परिधि के अंतर्गत आने वाले स्टोरपारा की 16 महिलाओं का चयन किया गया है। कार्यक्रम में सीआईएसएफ के कमांडेंट अभिजीत, डिप्टी कमांडेंट तनवीर अहमद, मनोज कुमार, सीजीएम उत्पल दत्ता, जीएम शिवराजन नायर व संयुक्त निदेशक (आईडीटीआर) अमित गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार कामड़े, उप प्रबंधक केके वर्मा उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण लेकर महिलाएं बनें आत्मनिर्भर: प्रतिभा

प्रतिभा अग्रवाल ने ट्रैफिक नियम और सुरक्षा पर बल देते हुए, सभी महिलाओं को इस प्रशिक्षण का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षु महिलाएं इससे आत्मनिर्भर बनें, घर में आर्थिक सहयोग करें और समाज को एक नई दिशा दें। अभिजीत ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, कि आपकी प्रगति से ही क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा। उत्पल दत्ता ने स्वागत उदबोधन दिया।अमित गुप्ता ने कहा कि इस पहल के अंतर्गत, एलएमवी लाइसेंस से सम्बन्धित औपचारिकताएं और व्यावहारिक–तकनीकी प्रशिक्षण भी दी जायेगी। इस पहल के तहत, क्लासरूम प्रशिक्षण और सिम्युलेटर प्रशिक्षण सीएसआर कम्प्लेक्स, सेक्टर–5, भिलाई में प्रदान किया जाएगा।








बारिश का फैशन

## लाइव इवेंट

## 5 चरणों में खेली जाएगी सेक्टर स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता, 14 टीमों ने लिया हिस्सा



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वा वा पाटणकर कन्या स्नाकोत्तर महाविद्यालय द्वारा सेक्टर स्तरीय अन्तरमहाविद्यालयीन शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीसी अग्रवाल एवं महाविद्यालय कीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव ने किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को शतरंज की उत्पत्ति एवं युद्ध से शतरंज के सम्बन्ध से लेकर आधुनिक युग में कम्प्यूटर से शतरंज खेल की प्रारम्भ होने की पूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य और क्रीड़ाधिकारी नरेश दीवान ने शतरंज बोर्ड में चाल चलकर विधिवत उद्घाटन किया। प्रतियोगिता का संचालक डॉ. ऋतु दुबे ने बताया यह प्रतियोगिता 5 चरण में खेली जायेगी। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली टीम विजेता होगी एवं यही से जिला टीम का गठन किया जायेगा। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. रमेश त्रिपाठी उपस्थित थे। कार्यक्रम का अभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

**इन महाविद्यालयों ने की शिरकतः** मुख्य अरबेटर गिरधर लाल देशमुख ने खिलाड़ियों को नियमों की जानकारी दी। इस प्रतियोगिता में कुल 20 महाविद्यालयों ने एन्ट्री भेजी थी और 14 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग, शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग, महिला महाविद्यालय सेक्टर-9, शासकीय महाविद्यालय बालोद, शासकीय महाविद्यालय उतई, शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर, शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्या, स्वामी स्वरूपानन्द महाविद्यालय हुडको, शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा, कल्याण महाविद्यालय सेकटर-7 भिलाई, शासकीय महाविद्यालय डौण्डी, सुराना महाविद्यालय, दुर्ग ने शिरकत की।

**यह टीम रहीं आगेः** तृतीय चक्र तक शैल देवी महाविद्यालय 10 अंक लाकर प्रथम स्थान, विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग एवं शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा 9 अंक लेकर संयुक्त रूप से द्वितीय, कन्या महाविद्यालय दुर्ग 7 अंक लेकर तृतीय स्थान पर बने हुए थे। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालय से टीम मैनेजर लक्ष्मणेन्द्र कुलदीप, मयंक डीन, मुरली मनोहर तिवारी, प्रतिक्षा ताटे, मनीष टोप्पो, लोकेश्वर ठाकुर उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

## शिक्षा गौरव अलंकरण से शिक्षक हुए सम्मानित



**भिलाई।** दुर्ग जिला स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उल्लास, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जन जन साक्षर, अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस व मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन दुर्ग में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव थे, अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि संयुक्त कलेक्टर एम भार्गव, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती छायाचित्र की पूजा अर्चना कर किया गया।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं का अलंकरण प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान विभिन्न कालेजों व स्कूल में भाषण, कविता पाठ, निबंध लेखन, और सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेहंदी, रंगोली आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया गया।

स्वागत भाषण देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक अलंकरण सम्मान से सम्मानित शिक्षको को बधाई देते हुए आगे अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

**शिक्षक समाज की रीढ़- ललितः** इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना हम सब की नैतिक जिम्मेंदारी है। शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं। वे हमारे जीवन के पहले गुरु होते हैं, जो हमें केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन की सच्ची शिक्षा भी देते हैं। उन्होंने सभी गुरुजनों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जन जन साक्षर कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए विधायक ने कहा

इस योजना का उद्देश्य न केवल आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रदान करना है, बल्कि 21वीं सदी के नागरिक के लिए आवश्यक अन्य घटकों को भी शामिल करना है। इस अवसर प्रमुख दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा गुरु शिष्य परंपरा, भारत की एक प्राचीन परंपरा है जिसमें गुरु, अपने ज्ञान को शिष्य को सिखाता है। यह परंपरा हिन्दू, सिख, जैन, और बौद्ध जैसे सभी धर्मों में पाई जाती हैं। उन्होंने साक्षारता अभियान के शुरुआत के बारे में बताया।



● मराठी परिवारों के घरों में महालक्ष्मी की धन और सौभाग्य के लिए पीढ़ी दर पीढ़ी होती है पूजा

# मायके में महालक्ष्मी का हुआ आगमन, सजाईं गई आकर्षक झांकियां, आंम्बिल का लगाया महाभोग, दमक उठा हर आंगन

इन दिनों गणेशोत्सव के साथ ही महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा महालक्ष्मी उत्सव भी मनाया जा रहा है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी से शुरू ढाई दिवसीय महालक्ष्मी उत्सव मंगलवार से शुरू हुआ। 'महालक्ष्मी आली घरात सोन्याच्या पायानी, भर भराटी घेऊन आली, सर्वसमृद्धि घेऊन आली' के जयघोष के साथ मराठी परिवारों ने सुख-समृद्धि की देवी मां महालक्ष्मी का अपने घरों में आगमन कराया। आकर्षक झांकी सजाकर मंदिरों व घरों में ज्येष्ठा और कनिष्ठा महालक्ष्मी की स्थापना की गई।



**भिलाई।** ढाई दिवसीय उत्सव के दूसरे दिन बुधवार को बेटियों के रुप में अपने मायके आई महालक्ष्मी को उनका प्रिय आंम्बिल, कतरा, पूरनपोली, गुझियां, कढ़ी सहित सभी महाराष्ट्रीयन व्यंजनों का महाभोग लगाकर दूसरे दिन का उत्सव मनाया गया। गुरुवार को दिन ढलने से पहले माता महालक्ष्मी की विदाई की जाएगी।

### सालों से चली आ रही है परंपरा

रामनगर निवासी नरेन्द्र बोखड व विलास बोखड़ परिवार ने बताया कि परंपरा और पौराणिक कथा अनुसार भाद्रपद माह में सप्तमी को बेटी के रूप में महालक्ष्मी नामक दो बहनों का आगमन अपने बच्चों के साथ होता है। इस दौरान ढाई दिनों तक वे मायके में रहती है। पहले दिन आगमन के साथ स्वागत सत्कार होता है, दूसरे दिन महालक्ष्मी को महाभोग लगाया जाता है और इसके बाद अगले दिन उनकी विदाई होती है। यह परम्परा कई सालों से चली आ रही है।

### लगाया गया आंबिल का भोग, हल्दी-कुमकुम कर हाथ में दान देकर आज होगी विदाई



रश्मी व वंदना बोखड ने बताया कि महालक्ष्मी को विशेष प्रसाद आंबिल सहित विभिन्न पकवानों का भोग लगाया जाएगा। महालक्ष्मी का प्रिय व्यंजन आंबिल ज्वार को दरदरा पीसकर छाछ तैयार की जाती है, इसे विशेष प्रसाद माना गया है। इसी प्रकार पूरणपोली, 16 प्रकार की सब्जियां सहित विभिन्न पकवानों का भी भोग महालक्ष्मी को लगाया जाता है और प्रसाद वितरित किया जाता है। गुरुवार को पूजा दर्शन कर बाद देर शाम महालक्ष्मी की विदाई बेटी को हल्दी-कुमकुम कर हाथ में दान देकर परंपरानुसार की जाएगी।

कई पीढ़िया तक चलती है एक ही प्रतिमामहालक्ष्मी की स्थापना और पूजा अर्चना के बाद प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया जाता, बल्कि एक ही प्रतिमा कई पीढ़ियों तक चलती है। प्रतिमा के मुखौटे अलग से रहते हैं, जब स्थापना की जाती है, तो मुखौटे निकाले जाते हैं, और लोहे की पायली (ढांचे ) पर कपड़े से बने हाथ लगाकर, साड़ी पहनाकर उनका श्रृंगार किया जाता है। इस तरह ढाई दिन तक पूजा अर्चना करने के बाद विदाई के दौरान फिर से मुखौटे निकालकर सुरक्षित संदूक में रख दिए जाते हैं।



## क्लब की उम्मीदों पर खरा उतरने नई टीम ने ली शपथ, पिन लगाकर किया सम्मान

**भिलाई।** लायंस क्लब पिनाकल के आगामी सत्र 2024 -25 के लिए अध्यक्ष उर्मिला टावरी को चुना गया है। नए सत्र के लिए नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण जीएसटी को-ऑर्डिनेटर चार्टर प्रेसिडेंट विभा भूटानी, पास्ट प्रेसिडेंट नम्रता चाने, सरिता राठौर, रेविका बेदी की उपस्थिति में कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में ध्वज वंदना शोभा डोगरा एवं अंजना श्री ने किया।

शपथ अधिकारी पूर्व जीएसटी कोऑर्डिनेटर विभा भूटानी रोचक ढंग से शपथ दिलाते हुए कहा कि पिनाकल ने हमेशा अपनी अनोठी सेवा गतिविधियों से डिस्ट्रिक में अपनी पहचान बनाई है। परिवर्तन ही सृष्टि का नियम है यदि किसी क्लब के अस्तित्व को बरकरार रखना है तो परिवर्तन जरूरी है। नई टीम से उम्मीद जताई कि वह क्लब की अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी। मुख्य अतिथि विभा भूटानी ने कहा कि लायन क्लब भिलाई पिनाकल डिस्ट्रिक्ट की शान है और क्लब की एकता ही उसकी ताकत है।

**क्लब रोस्टर का किया विमोचनः** अध्यक्ष उद्बोधन में क्लब की नई अध्यक्ष उर्मिला टावरी ने साल भर के कार्य एवं क्लब के नए परमानेंट प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सचिव रश्मि गेडाम, सहसचिव निधि कुमार, उषा चक्रवर्ती ने अपने अतिथियों से क्लब रोस्टर का विमोचन कराया। कोषाध्यक्ष नंदिनी हिवसे ने आय-व्यय के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी पिनाकल ने इंटरनेशनल एवं डिस्ट्रिक डूयुज में सर्वप्रथम अपने डूयुज प्रेषित कर दिए हैं। पूर्व अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, सचिव शालिनी सोनी, कोषाध्यक्ष रश्मि गेडाम ने अपने कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए क्लब के सदस्यों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब के विशिष्ट सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन अंजना विनायक व आभार मंजू अग्रवाल ने व्यक्त किया।




## पीएम श्री स्कूल में शास्त्रीय गायिका नीतू ने बांधा समां

**भिलाई।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई दुर्ग में प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायिका नीतू झा के भजनों की झूम रही। उन्होंने सहकलाकारों के साथ सुरीली प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का विद्यार्थियों ने आनंद उठाया।

■ संगीत नाटक अकादमी के कला धरोहर में विद्यार्थियों को सिखाए गुर

संगीत नाटक अकादमी द्वारा दो दिवसीय कला धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एम भार्गव आईएएस सहायक जिलाधिकारी ने नीतू झा और बच्चों की प्रस्तुति को सराहा। पटियाला से आईं दरभंगा घराने की शास्त्रीय गायिका नीतू झा ने नीतू झा ने सहयोगी कलाकारों के साथ भजन प्रस्तुत किए । मीरा के भजनों के स्वर, ताल व लय के साथ बच्चों को सिखाया। भारत सरकार द्वारा संत मीरा बाई 525 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कला धरोहर श्रंखला कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति गहरा लगाव पैदा करना है। जवाहर विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम से विद्यार्थियों में संगीत व संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ेगी। उन्हें गायिका नीतू झा से संगीत के गुर सीखने को मिले। कार्यक्रम में संगीत नाटक अकादमी के दिल्ली के प्रतिनिधि विजय सिंह, भिलाई छग कला साहित्य अकादमी अध्यक्ष शक्तिपद चक्रवर्ती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मणिमय मुखर्जी, सचिव बबलू विश्वास व प्रचार समन्वयक अनिल पंडा उपस्थित थे।

खुर्सीपार अग्रसेन भवन में बह रही है भक्ति की धारा

## बच्चों को उनके जन्मदिन पर गौशाला ले जाकर गौ सेवा जरूर कराएं, इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं

**कार्नर न्यूज**

बुधवार को शुभ मुहुर्त में राधारानी का जन्मोत्सव सभी राधा कृष्ण मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में न्यू खुर्सीपार के अग्रसेन भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला समेत राधारानी का जन्मोत्सव झांकियों का प्रदर्शन कर मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने फूल बरसाते हुए राधाकृष्ण का स्वागत किया। भजनों पर सभी जमकर थिरके।

**भिलाई।** पांचवे दिन की कथा में श्रीधाम वृंदावन से पहुंचे राधेश्याम शास्त्री ने कहा कि आपके बच्चों को जन्मदिन हो या आपकी शादी की सालगिरह हो या फिर कोई भी शुभ अवसर हो, आप गौशाला जाकर गौ सेवा जरूर करें। आपके शुभ दिन पर इससे बड़ा पुण्य का काम कुछ नहीं हो सकता।

### जीवन में जितनी हो सके गौ सेवा जरूर करें


राधेश्याम शास्त्री ने श्रीमद् भागवत में 18 श्लोकों में सुखदेवजी ने नंदोत्सव गाया है। यह सभी का सार है। कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण और गौ माता के मधुर संबंध पर कथा बताई। उन्होंने बताया कि गाय के मूत्र में गंगा और गोबर में मां लक्ष्मी का वास होता है। जीवन में जितनी हो सके गौ सेवा जरूर करें। इसके अलावा गौशाला से मिट्टी लाकर उसे डिबिया में रखें और प्रतिदिन उसका टीका माथे पर जरूर लगाएं। गाय के चरणों की धूली लगाने से भाग्य बदल जाता है। गाय को रोटी, गुड़ खिलाइए, जब गाय आपका हाथ चाटेगी तो हाथ में जो अशुभ रेखा है, उसका दोष दूर हो जाएगा।



### जिनका शरीर सुंदर हो, मन मैला हो, वही पुतना है

राधेश्याम शास्त्री ने कहा कि बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद उत्सव मनाया जा रहा था, तब नंद बाबा ने कहा कि सबसे बड़ा दान क्या होता है, तो उन्हें बताया गया कि पहाड़ों का दान सबसे बड़ा होता है, जिसे छत्रपति राजा करते हैं। इस पर नंद बाबा ने तिल का पहाड़ बनाकर उसके अंदर सोने, चांदी, हीरे, जवाहरात रखकर दान किया। उन्होंने पुतना वध के प्रसंग पर कहा कि जिसका शरीर सुंदर हो, मन मैला हो, जिसकी आकृति सुंदर हो, कृति बुरी हो, वही पुतना है। पुतना अविद्या है, जो 14 स्थानों पर रहती है।

## गणेशोत्सव की धूम


भिलाई। नव किरण गणेशोत्सव समिति स्ट्रीट 9 सेक्टर 4


लाल मैदान, छावनी थाने के पीछे, पावर हाउस भिलाई


सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति सिविक सेंटर चौपाटी भिलाई


उज्ज्वल मंडल गणेश उत्सव समिति जागृति चौक वार्ड 33 भिलाई


श्री श्री गणेशोत्सव समिति सी मार्केट सेक्टर-1


सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति स्ट्रीट 2 सेक्टर -2

● राधाष्टमी पर हुए विविध आयोजन, सुबह से मंदिरों में भक्तों का लगा रहा तांता

# राधारानी का पंचामृत से किया अभिषेक, निकाली पालकी यात्रा, महाआरती कर लगाया 56 भोग

**भिलाई।** भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को सभी राधा कृष्ण मंदिरों में राधाष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही हरे कृष्ण मूवमेंट सेक्टर 6 व ब्रजमंडल में राधाष्टमी पर राधा रानी के दर्शन करने भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। ब्रजमंडल भिलाई के गीताभवन सेक्टर 6 स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में राधारानी का जन्मोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खजांचीलाल अग्रवाल, गोविन्द अग्रवाल और अमित अग्रवाल सहित तीन पीढ़ियों ने सपरिवार ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी राधारानी के साथ भगवान बालकृष्ण भगवान का विशेष सुगंधित पदार्थों, पुष्पों एवं पंचामृत से विशेष अभिषेक पंडित सुनील कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में किया। शाम के समय महिलाओं की भजन मंडली द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें उपस्थित महिलाओं ने उल्लास पूर्वक नृत्य करते हुए राधा की भक्ति में लीन हो गए। भगवान कृष्ण और राधा रानी की सामूहिक संध्या महाआरती की गई। गीताभवन सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के छोटे बच्चों ने राधा रानी के वेशभूषा में प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।





### इस्कॉन दुर्ग में राधारानी को 56 भोग लगाया

अंतराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ, इस्कॉन प्रचार केन्द्र दुर्ग द्वारा प्रभारी अनंत श्याम दास द्वारा राधारानी की विशेष कथा भक्तों को सुनाई गई। इस दौरान राधारानी को 56 भोग अर्पण किये गये। कार्यक्रम दौरान भव्य हरिनाम संकीतर्न, महाअभिषेक, महाआरती एवं महाप्रसाद व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में लगभग पांच सौ भक्त सम्मिलित हुए। इस दौरान भक्त कीर्तनानंद प्रभु, सत्ययुग प्रभु, लवकुश प्रभु, अखिलआत्मा प्रभु, राज प्रभु, राधेश्याम, हर्ष, राजेश, रोहिनीतनय सहित अन्य भक्त कीर्तन में राधा भक्ति में झूमते रहे।



### राधा कृष्ण के युगल विग्रह का हुआ अभिषेक

सेक्टर-6 अक्षय पात्र प्रांगण में स्थित, हरे कृष्णा मूवमेंट में राधा अष्टमी महोत्सव भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया गया। कृष्ण जन्माष्टमी के पंद्रह दिन बाद जन्माष्टमी की तरह राधाअष्टमी का पर्व भी भिलाई के हरे कृष्णा मंदिर में बड़े जोर-शोर के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राधा रानी के पिता वृषभानु और माता कीर्ति की कथा का रसपान भक्तों को कराया गया। राधा अष्टमी के दिन मंदिर में राधा कृष्ण का दिव्य अलंकार कर संपूर्ण मंदिर को पुष्पों से सुसज्जित किया गया। शाम 6.30 बजे से संध्या आरती एवं कीर्तन से उत्सव का आरंभ हुआ, जिसमें भगवान के नाम के दिव्य मंत्र उच्चारण से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो गया। शाम को राधा कृष्ण का दिव्य अभिषेक किया गया। भगवान की महा आरती पश्चात दिव्य पालकी उत्सव का आयोजन हुआ। पालकी में राधा रानी को मंदिर परिसर में हरे राम हरे कृष्ण कीर्तन कर भ्रमण कराया गया।

## 310 महिलाएं कर रहीं बुनाई

# ग्रामोद्योग विभाग से बुनकरों को मिला रोजगार, महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर

**दुर्ग।** ग्रामोद्योग विभाग के हाथकरघा प्रभाग द्वारा दुर्ग जिले की 10 बुनकर सहकारी समितियों के माध्यम से चार सौ बुनकरों को बुनाई कार्य से लगातार रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे महिलाओं को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे है। चार सौ बुनकरों में से 310 महिलाएं बुनाई कार्य से आत्मनिर्भर हो रही है। जिले के बुनकरों द्वारा शाला गणवेश शर्टिंग, ट्युनिक सुटिंग, चादर, बस्ता क्लाथ आदि 50 से 55 हजार मीटर प्रतिमाह वस्त्रों का उत्पादन कर छ.ग. राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर को प्रदाय एवं खुले बाजार में विक्रय किये जा रहे है। बुनकरों को बुनाई कार्य से 250 से 400 रूपए का निरंतर आमदनी हो रही है।



**समितियों को लगातार मिल रहा रोजगारः** सहायक संचालक हाथकरघा दुर्ग से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग जिला बुनकर सहकारी समिति दुर्ग के 20, महिला हाथकरघा बुनकर सहकारी समिति दुर्ग के 34, महामाया बुनकर सहकारी समिति पाटन के 143, नागेश्वरी बुनकर सहकारी समिति नगपुरा के 60, जय चण्डी बुनकर सहकारी समिति असोगा के 60, शिवांशी बुनकर सहकारी समिति पाटन बघेरा के 15, आस्था बुनकर सहकारी समिति पाटन के 20, मां परमेश्वरी बुनकर सहकारी समिति रवेलीडीह के 20, महात्मा गांधी बुनकर सहकारी समिति अहिवारा के 5 एवं जय चण्डी बुनकर सहकारी समिति विनायकपुर के 23 सहित कुल 400 बुनकरों द्वारा बुनाई व्यवसाय से रोजगार किया जा रहा है। पूर्व में देवांगन समाज द्वारा ही बुनाई का परंपरागत कार्य किया जाता था। वर्तमान में देवांगन समाज के अतिरिक्त अन्य समाज के विशेषकर महिलाओं द्वारा इस परंपरागत बुनाई कला को अपना कर लाभान्वित एवं आत्मनिर्भर हो रही है। छ.ग. शासन ग्रामाद्योग विभाग द्वारा बुनाई कला को जीवित रखने अधिक से अधिक हितग्राहियों को रोजगार उपलब्ध करने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बुनकरों के घरों पर ही रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ हाथकरघा प्रभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से बुनकरों को लाभान्वित किया जा रहा है।

**युवा पीढ़ी बुनाई रोजगार में नही लेते रूचिः** शहरी स्तर की कुछ पंजीकृत बुनकर समितियां कार्यशील नही है। जिसका प्रमुख कारण शहरों में उद्योग धंधे एवं कारखाने स्थापित होने से शहरी क्षेत्र में बुनाई से अधिक आय का बेहतर रोजगार उपलब्ध हो जाता है। बुनाई कार्य में श्रम व कौशलता दोनों की आवश्यकता होती है। इसलिए शहरी क्षेत्र की युवा पीढ़ी बुनाई रोजगार में रूचि नही लेते। किंतु ग्रामीण क्षेत्र में हाथकरघा बुनाई सें रोजगार का बहुत ही अच्छा साधन है। अकार्यशील बुनकर समितियों को कार्यशील करने का प्रयास किया जा रहा है।

## खुर्सीपार बुद्ध विहार में हुआ आयोजन

# गीत, संगीत, खेल के साथ परित्राण पाठ कर दी गई धम्म की दीक्षा



**भिलाई।** बाबा साहब की जयंती के अवसर पर आम्बेडकर चौक पावर हाउस में कार्यक्रम का आयोजन करने वाली संस्था नवयुवक संगठन कल्याण समिति पंचशील नगर बुद्ध विहार खुर्सीपार के द्वारा आज आवाज इंडिया के कार्यक्रम का आयोजन पंचशील बुद्ध विहार में किया गया। जिसमें पंचशील नगर परिक्षेत्र के सभी सदस्य काफी संख्या में परिवार सहित उपस्थित होकर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिसमें गीत, संगीत, खेल, के साथ-साथ भिक्कूनी सुमित्रा के द्वारा परित्राण पाठ कर धम्म की दीक्षा भी दी गईं। समिति द्वारा सामाजिक कार्यक्रम की ओर एक कदम और बढ़ाते हुए आयोजन किया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष भागवत शेंडे, मीडिया प्रभारी प्रकाश श्यामकुंवर, उपाध्यक्ष शुभम बोरकर, सचिव विनय बोरकर, महासचिव हितेश श्यामकुंवर, कोषाध्यक्ष विनय वैद्य, महिला समिति अध्यक्ष कांता मासूरकर, महासचिव रमा गजभिए, सचिव अंजली श्यामकुंवर, उपाध्क्ष बबीता भैसारे, सहसचिव सुनीता मेश्राम, सविता वासनिक, सिंधु वाहने, संगठन सचिव शालिनी मेश्राम, अनीता कराड़े, गीता बोरकर, मीना बोरकर लिहीनता फूले कार्यकारिणी सदस्य सिंधु वाहने, इंदु उके, लक्ष्मीबाई गायकवाड़ ने अपना विहार आपनी आवाज के संबंध में अपने विचार आवाज इंडिया के समक्ष रखे। पंचशील नगर विहार संघ द्वारा अपने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश श्यामकुंवर और भागवत शेंडे ने किया।

**सामाजिक जन कार्यक्रम में हुए शामिल**

## स्वर्ण जयंती महोत्सव में झूम उठे भक्त, हुई महाआरती

# बाबा के सेवाकार्यों से पांचों पीर हुए नतमस्तक सुंदर एवं आकर्षित झांकी देख झूम उठे भक्त



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** बाबा रामदेव मंदिर दुर्ग के स्वर्ण जयंती महोत्सव के अवसर पर बुधवार को संगीतमय कथा के दौरान बाबा रामदेव के द्वारा जन हित में किए गए सेवा कार्यो व चमत्कार का प्रसंग बताया। इस दौरान झांकियों द्वारा कथा का मंचन किया गया।

शास्त्री ने कथा में बताया कि पांच पीर रामदेव से मिलकर उनकी पीराई देखना चाहते थे। तब रामदेव ने कहा मैं आपके सामने खड़ा हूं, कहिए मेरे योग्य क्या सेवा है, पांचों पीर बाबा की बात सुनकर कुछ देर उनकी ओर देखते रहे फिर हंसने लगे और सोचने लगे कि साधारण सा दिखाई देना वाला व्यक्ति ये पीर कैसे हो सकता है। फिर भी रामदेव ने उनकी आवभगत की और 'अतिथि देवो भवः' की भावना से उन्हें भोजन के लिए आमंत्रित किया।





### 'पीर' की पदवी मिली और रामापीर कहलाए

बाबा की सेवा भाव देखकर पांचों पीरों ने कहा कि आज से आपको दुनिया रामापीर के नाम से पूजेगी। इस तरह से पीरों ने भोजन किया और श्रीरामदेवजी को 'पीर' की पदवी मिली और रामदेव, रामापीर कहलाए।



### इन्होंने की महाआरती

कथा के दौरान राधेश्याम राठी, प्रवीण भूतड़ा, बिरदीचंद सोनी, राजू फुफलिया, लक्की अग्रवाल, मनोज टावरी, सुरेश गुप्ता, हरीश केला, दिनेश केला, रश्मि चांडक, उषा राठी, ममता टावरी, मंजु राठी, मनीषा राठी, माया राठी, गीता भूतड़ा, पुष्पा राठी, निशा राठी, शकुन दुबे, चंदा शर्मा, गायत्री शर्मा, लता शर्मा, भाग्यश्री साबू, प्रीति साबू, शीतल मंत्री, कंचन भूतड़ा, सुप्रिया भूतड़ा, रीना खंडेलवाल कथा सुनकर महाआरती की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में छत्तीसगढ़ को बढ़त सुमीत ने बनाए 86 नाबाद रन



**रायपुर।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा डॉ. (कैप्टन) के. थिम्माप्पिया मेमोरियल क्रिकेट टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 4 सितंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनीयर टीम का दूसरा मैच (9-12 सितंबर) बैंगलूरु, कर्नाटक में गोवा के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 135.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 467 रन बनायें। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान शशांक सिंह ने 136 रनों की शानदार पारी खेली तथा टीम का स्कोर 450 के पार पहुचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त ऋषभ तिवारी ने 86 रन, सुमित रुईकर ने 86 रन नाबाद तथा संजित देसाई ने 77 रनों की महत्वपूर्ण पारी तथा टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुचांने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं गोवा की ओर से मोहित रेडकर तथा दर्शन ने 4-4 विकेट हासिल किए। गोवा ने अपनी पहली पारी में 83.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 261 रन बनाये। गोवा की ओर से दीपराज ने 53 रन तथा अभिनव ने 51 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ की ओर से सुमित रुइकर ने 6 विकेट और शुभम अग्रवाल ने 3 विकेट हासिल किये।

तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 45.1 ओवरों में 7 विकेट खोकर 194 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से पवन परनाते ने 35 रन, भुपेन लालवानी एवं सानिध्य हुरकत ने 34-34 रन बनाये। वहीं गोवा की ओर से अर्जुन तेंदुलकर तथा विजेश प्रभुदेसाई ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 400 रनों की बढत बना ली है।

### बैडमिन्टन में प्रगति कॉलेज का दोनों वर्ग में विजय अभियान जारी



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में प्रगति विद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीन सेक्टर स्तरीय बैडमिन्टन स्पर्धा का उद्घाटन बुधवार को प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर ने किया। पुरुष वर्ग के मैच में शंकराचार्य कालेज ने छत्तीसगढ़ कॉलेज को 3-1 से, विप्र कॉलज ने 3-1 से सेंट विंसेंट पैलोटी को, यूटीडी रायपुर ने 3-0 से महंत कॉलेज को, महाराजा अग्रसेन कॉलेज को विवेकानंद कालेज ने 3-0, शासकीय राजीव लोचन कॉलेज राजिम को दुर्गा कॉलेज ने 3-0 से, नेता जी सुभाष कॉलेज अभनपुर ने पीजी कॉलेज भखारा धमतरी को 3-0 से,शासकीय सुखराम पीजी कॉलेज नगरी धमतरी को विज्ञान महाविद्यालय ने 3-2 से, प्रगति कॉलेज रायपुर ने शासकीय श्यामा चरण कॉलेज धरसींवा को हराया। पुरुष वर्ग के दूसरे राउंड के मैच मे यूटीडी ने विप्र कॉलेज को 3-0 से और प्रगति कॉलेज ने शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी को 3-0 से हराया। वहीं महिला वर्ग में प्रगति कॉलेज ने 2-1 से शासकीय श्यामा चरण कॉलेज धरसीवां को, शासकीय पीजी धमतरी ने 2-0 से महाराजा अग्रसेन कॉलेज को,शासकीय कन्या कालेज धमतरी को विप्र कॉलेज ने 2-1 से, यूटीडी रायपुर विवेकानंद कॉलेज को 2-1 से, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर को गुरुकुल कॉलेज ने 2-0 से, शासकीय नवीन कॉलेज को शासकीय दूब महाविद्यालय रायपुर ने 2-0 हराया। महिलाओं के दूसरे राउंड के मैच में गुरुकुल महिला कॉलेज को शासकीय दूब महिला महाविद्यालय ने 2-0 से और प्रगति कॉलेज रायपुर ने 2-0 से शासकीय पीजी कालेज धमतरी को हराया।इस प्रकार पुरुष वर्ग में पिछले तीन सालों से चैम्पियन रहते हुए प्रगति कॉलेज ने अपना विजय अभियान दोनों ही पुरूष एवं महिला वर्ग में कायम रखा है। प्रगति कॉलेज के पुरुष टीम ने लकेश यादव, रूद यादव अमन पटेल आर ए.पी. आशीष ने शानदार प्रदर्शन किया वहीं महिला वर्ग में तान्या मल्लिक, आरती साहित्या और राखी साहू ने अपने खेल का दम खम दिखाया।

### विश्व सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप में भारतीय टीम ने जीता ब्रॉन्ज़




**रायपुर।** विश्व सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन द्वारा साउथ कोरिया में 1 से 10 सितंबर तक आयोजित 17वी विश्व चैम्पियनशिप में अमेच्योर सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भेजे गए भारतीय टीम ने मिक्स डबल्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत के लिए पहला व्यक्तिगत पदक जीता। भारत की आदया तिवारी एवं जय मीणा ने प्री क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड को 4-2, फिलीपींस की टीम को 5-3, क्वार्टर फाइनल में चीन को 5-3 से हराया, सेमीफाइनल में भारतीय टीम कोरिया से 2-5 से हार गई एवं ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि इस टीम के कोच के छत्तीसगढ़ सॉफ्ट टेनिस संघ के महासचिव प्रमोद सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया था। ठाकुर इससे पूर्व भी 2022 में भी हंगझाओ चायना में आयोजित एशियन सॉफ्टटेनिस चेम्पियनशिप में भी भारतीय टीम के प्रशिक्षक के रूप में भाग ले चुके है।

## डायबिटीज नियंत्रण के लिए लाइफस्टाइल और आहार दोनों को ठीक रखना जरूरी

# डायबिटीज के शिकार हैं तो भूलकर भी न करें ऐसी गलतियां, वरना शुगर कंट्रोल करना हो जाएगा मुश्किल

डायबिटीज वैश्विक स्तर पर बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोग इसका शिकार हो सकते हैं। यही कारण है कि कम उम्र से इसकी रोकथाम और बचाव को लेकर सावधानी बरतते रहना जरूरी है। डॉक्टर कहते हैं, ब्लड शुगर के स्तर को बढ़ने से रोकने के लिए लाइफस्टाइल और आहार दोनों को ठीक रखना जरूरी माना जाता है। आहार की इसमें विशेष भूमिका होती है। आप क्या खाते हैं और क्या नहीं इसका सीधा असर आपके शुगर के स्तर पर पड़ सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डायबिटीज ऐसी बीमारी है जिसका सही प्रबंधन आपके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है। इसमें बरती गई किसी भी तरह की लापरवाही से कई अन्य जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। जो लोग मधुमेह के शिकार हैं या जिनमें इसका जोखिम हो सकता है उन्हें कुछ बातों को लेकर खास सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।



### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

लखनऊ स्थित अस्पताल में मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक अरुण बताते हैं, कई आदतें ऐसी हैं जो डायबिटीज की स्थिति को और खराब कर सकती हैं। ज्यादातर लोग इससे अनजान होते हैं। मधुमेह में क्या नहीं करना चाहिए इस बारे में जानकारी और उपायों का गंभीरता से पालन करना आपको गंभीर खतरों से सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है। डायबिटीज में चिकित्सक के नियमित परामर्श की जरूरत होती है। रक्त शुगर के स्तर की नियमित जांच न कराना और आवश्यक दवाओं को न लेना समस्या को बढ़ा सकती है। इसके अलावा दिनचर्या की कुछ बातों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

### सिर्फ चीनी ही नहीं, ये चीजें भी नुकसानदायक

चीनी से बनी चीजें ब्लड शुगर को तेजी से बढ़ाती हैं। डायबिटीज में मीठी चीजों से परहेज करना जरूरी है। पर सिर्फ इतना ही काफी नहीं है। ज्यादातर लोग अनजान होते हैं कि फास्ट फूड, जैसे बर्गर, पिज्जा, और प्रोसेस्ड स्नैक्स में अत्यधिक मात्रा में वसा और शर्करा होती है, जो शुगर को असामान्य रूप से बढ़ा सकती है। अगर आप इन चीजों का अधिक सेवन करते हैं तो भी मधुमेह का खतरा बढ़ सकता है। डायबिटीज रोगियों को समय पर भोजन की आदत बनाना भी जरूरी है।




### व्यायाम न करने की आदत नुकसानदायक

शारीरिक गतिविधि की कमी डायबिटीज के प्रबंधन को मुश्किल बना देती है। नियमित व्यायाम से शरीर की इंसुलिन सेंसिटिविटी बढ़ती है और ब्लड शुगर बेहतर तरीके से नियंत्रित होता है। व्यायाम न करना डायबिटीज की जटिलताओं को बढ़ा सकती है। आपको डायबिटीज हो या न हो फिर भी नियमित रूप से 30 मिनट व्यायाम की आदत जरूर बनाएं। व्यायाम से वजन भी कंट्रोल रहता है। अधिक वजन होने से मधुमेह का जोखिम भी बढ़ जाता है।

### ज्यादा स्ट्रेस (तनाव) ठीक नहीं

अत्यधिक तनाव लेने की आदत भी डायबिटीज रोगियों के लिए नुकसानदायक है, इससे भी ब्लड शुगर बढ़ सकता है। तनाव की स्थिति में शरीर में स्ट्रेस हार्मोन (कॉर्टिसोल) का स्तर बढ़ जाता है, जो इंसुलिन की प्रभावशीलता को कम करता है। इसलिए तनाव कम करने के उपाय जैसे योग, ध्यान, और सही नींद लेना महत्वपूर्ण है। अच्छी और पर्याप्त नींद तनाव और डायबिटीज दोनों को कंट्रोल रखने का तरीका हो सकती है।





## गुरुवार के लिए आपका लकी नंबर और शुभ रंग

अंकों का ज्योतिषीय तथ्यों के साथ मेल करके व्यक्ति के भविष्य की जानकारी देना ही अंक ज्योतिष कहलाती है। उदाहरण के लिए समझिए यदि किसी व्यक्ति का जन्म 23 सितंबर को हुआ है तो उसकी जन्म तारीख के अंकों का योग 2+3=5 आता है। यानि 5 उस व्यक्ति का मूलांक कहा जाएगा। अगर किसी की जन्मतिथि दो अंकों यानी 11 है तो उसका मूलांक 1+1= 2 होगा।

वहीं जन्म तिथि, जन्म माह और जन्म वर्ष का कुल योग भाग्यांक कहलाता है। जैसे अगर किसी का जन्म 22-04-1996 को हुआ है तो इन सभी अंकों के योग को भाग्यांक कहा जाता है। 2+2+0+4+1+9+9+6=33=6 यानी उसका भाग्यांक 6 है। इस अंक ज्योतिष को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे।

जैसे दैनिक अंक ज्योतिष आपके मूलांक के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल हैं या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। दैनिक अंक ज्योतिष की भविष्यवाणी को पढ़कर आप दोनों ही परिस्थिति के लिए तैयार हो सकते हैं। तो चलिए अंक शास्त्र के माध्यम से जानते हैं आपका मूलांक, शुभ अंक और लकी कलर कौन सा है।

**अंक 1:** हाल में मिली सफलता या आमदनी के नए स्त्रोत के माध्यम से धन मिलेगा। इस धन का सोच समझ कर प्रयोग करें। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है। डॉक्टर में पास जाना भी आवश्यक हो सकता है।

शुभ अंक- 21 शुभ रंग- नारंगी



**अंक 2 :** सामाजिक कार्यों का आनंद लें लेकिन एकांत और आत्मनिरीक्षण के लिए समय निकालें। सहानुभूति, उत्साह और देखभाल ऐसे तीन शब्द हैं जो आज आपके दिल को छू लेंगे। यात्रा और नए संबंध बनने का योग हैं।

शुभ अंक-11 शुभ रंग- भूरा

**अंक 3:** घर की मरम्मत और नवीनीकरण अभी आपको एक जुए की तरह लग सकते हैं। खर्च करते समय सावधानी बरते। परिवार के सदस्य, शायद आपके माता-पिता या दादा-दादी को आपकी सहायता की आवश्यकता पड़ सकती हैं।

शुभ अंक- 19 शुभ रंग- हरा

**अंक 4:** घर पर होने से आपकी रचनात्मकता बढ़ेगी और आपको शांति मिलेगी। खुशियां आपके पास आ रही हैं और अब आप कई गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। नए संबंधों के बनने का योग है।

शुभ अंक-23 शुभ रंग- पीला

**अंक 5 :** अभी आपको एक छोटी यात्रा की आवश्यकता हो सकती है। छोटा भाई आपकी परेशानी का कारण बनेगा। अगर आप अपनी चिंताओं के बारे में लोगों को बताते हैं या शेयर करते हैं तो आप शांत महसूस करेंगे।

शुभ अंक- 9 शुभ रंग- केसरिया

**अंक 6**

साहसी बनें और अपने उन विचारों को साझा करें जिन्हे आप गुप्त रखते थे। प्रेम और गर्मजोशी के कारण आज आपका दिन और भी खास होगा। रोमांस और मनोरंजन के भी भरपूर अवसर मिलेंगे।

शुभ अंक-16 शुभ रंग- नीला



## जुकाम, छींक और खांसी को हल्के में ना लें, हो सकते हैं एलर्जिक अस्थमा के लक्षण

बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम और छींक आने जैसी समस्याएं बेहद कॉमन हो जाती हैं। लेकिन, यही वो मौसम होता है, जब लोगों को एलर्जी होने का खतरा काफी ज्यादा बना रहता है। अक्सर लोग सर्दी-जुकाम को आम समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं सर्दी-जुकाम, छींक और खांसी जैसे लक्षण कई बार एलर्जिक अस्थमा का कारण भी हो सकते हैं। दिल्ली के डॉ. मनु मदान सलाहकार पल्मोनोलॉजिस्ट, कहते हैं कि अस्थमा एक सांस से जुड़ी स्थिति है, जो व्यक्ति के फेफड़ों को प्रभावित करके ब्रोन्कियल ट्यूबों में सूजन पैदा करके अतिरिक्त बलगम पैदा करते हैं।

जिसकी वजह से मांसपेशियों के बीच से हवा पास करने और सांस लेने में दिक्कत महसूस हो सकती है। जिसकी वजह से सांस लेते समय घरघराहट की आवाज आती है। सही समय पर खासतौर पर एलर्जी वाले बदलते मौसम में अगर इस समस्या का इलाज ना किया जाए तो यह अस्थमा घातक भी हो सकता है।

### क्या होता है एलर्जिक अस्थमा

एलर्जिक अस्थमा उस स्थिति को कहते हैं, जब कोई एलर्जी अस्थमा के साथ मिल जाती है। ऐसी स्थिति में आप जब कभी एलर्जी वाली किसी चीज के संपर्क में आते हैं या सांस लेते हैं तो आपके वायुमार्ग सख्त हो जाते हैं। यूं तो कई तरह की चीजें व्यक्ति के अस्थमा को ट्रिगर कर सकती हैं। लेकिन, चाहे भोजन हो या दवा, इन सभी में एक चीज जो कॉमन है वो है पर्यावरण। उदाहरण के लिए पालतू जानवरों की रूसी, धूल के कण, तिलचट्टे, नमी, फफूंदी, पराग एलर्जी के लक्षण पैदा कर सकते हैं।



### अस्थमा का उपचार और बचाव के उपाय

बता दें, अस्थमा को ठीक नहीं किया जा सकता है, लेकिन कुछ उपचार अपनाकर इसके लक्षणों को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। ताकि इस समस्या से परेशान लोग बिना कोई समझौता किए एक अच्छा सक्रिय जीवन जी सकें। अस्थमा से पीड़ित व्यक्ति को इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

- -अस्थमा का संदेह होने पर या लंबे समय तक लगातार खांसी या घरघराहट बने रहने पर समस्या का शीघ्र पता लगाने और निदान करने के लिए टेस्ट करवाएं। जिससे फेफड़ों की क्षति को रोका जा सकता है।
- -अस्थमा के लक्षण बिगड़ते हैं या दवा अप्रभावी होती है, तो तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें।
- -अपने चिकित्सक से परामर्श किए बिना निर्धारित दवा से अधिक न लें, क्योंकि अधिक उपयोग से अस्थमा की स्थिति खराब हो सकती है।
- -अस्थमा की नियमित जांच करवाएं।
- - घर से बाहर निकलते समय चेहरे पर मास्क का प्रयोग करें।
- -घर की साफ-सफाई का खास ख्याल रखें। खासतौर पर बिस्तर, गद्दों और तकियों को साफ करने के लिए अच्छी तरह वैक्यूमिंग करें।
- -अपनी बॉडी को डाइट में फलों और सब्जियों को शामिल करके हाइड्रेटेड रखना। फल और सब्जियां एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती हैं।

## क्या घर पर ही किया जा सकता है गणपति विसर्जन



गणेश चतुर्थी से लेकर गणपति विसर्जन तक का समय बप्पा को समर्पित होता है और भक्त उनकी भक्ति में डूबे रहते हैं। इस दौरान पूजा करने के कुछ नियम हैं जिनका पालन जरूरी है। परंपरागत रूप से गणपति विसर्जन नदियों, तालाब या समुद्र में किया जाता है। लेकिन कई बार भक्तों के मन में यह सवाल भी आता है कि क्या हम गणपति विसर्जन घर में भी कर सकते हैं। इसके बारे में विस्तार से जानने के लिए हमने ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से बात की। आइए आपको बताते हैं इस बारे में विस्तार से।

**क्या घर पर गणपति विसर्जन किया जा सकता है ? :** धार्मिक दृष्टिकोण की बात करें तो आप अपने घर पर भी गणपति विसर्जन कर सकते हैं और ऐसे किसी भी काम की ज्योतिष में मनाही नहीं होती है। हालांकि आपको विसर्जन करते समय भी कुछ विशेष नियमों का पालन करना चाहिए, जिससे कोई भी नकारात्मक प्रभाव न पड़ें। परंपरागत रूप से, गणपति की मूर्ति को प्राकृतिक जलाशय में विसर्जित किया जाता है, लेकिन पर्यावरण प्रदूषण और शहरी क्षेत्रों में जगह की कमी जैसी कई आधुनिक चुनौतियों को देखते हुए, घर पर गणपति विसर्जन करना एक आम बात बन गई है। इसे धार्मिक और ज्योतिषीय दोनों ही क्षेत्रों में उचित माना जाता है, लेकिन इस अनुष्ठान को बहुत ही भक्ति और पवित्रता के साथ किया जाना चाहिए।

**ऐसे करें घर पर गणपति विसर्जन की तैयारी:** विसर्जन करने से पहले आप घर पर स्थापित किए हुए भगवान गणेश की आरती करें। गणपति के सामने धूप जलाएं, फूल, फल, मिठाइयां अर्पित करें। मुख्य रूप से आपको गणपति को मोदक जरूर चढ़ाना चाहिए। आप बप्पा की विदाई के लिए उनका आभार प्रकट करते हुए भक्ति से भरे गीत गाएं।

कार्नर न्यूज

## खेल से जुड़े साधनों के बाजार में स्पोर्ट्स शू सबसे ज्यादा बिकाऊ माल

# स्पोर्ट्स शूज भी मिलते हैं हजारों के, कीमत सुन हैरान रह जाएंगे

जब बात फैशन की हो, तो जूतों को ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता है। लेकिन जब बात स्पोर्ट्स की हो, तब जूतों का महत्व समझ में आ जाता है। क्योंकि, किसी भी खेल में जूते खिलाड़ी के सबसे अच्छे दोस्त होते हैं। फिर बात चाहें फुटबॉल, रनिंग, क्रिकेट या फिर हाइकिंग जैसे खेलों की हो क्यों न हो रही हो। बाजार में स्पोर्ट्स शूज की कीमत कुछ सौ रुपये से लेकर हजारों रुपये तक हो सकती है। अच्छी क्वालिटी के रनिंग शूज की कीमत भारतीय बाजार में 8000 रुपये तक है।



**मिजुनो वेव प्रोफेसी 5 :** मिजुनो का वेव प्रोफेसी 5 खास है, क्योंकि अपर में लगा हुआ एयरमैश आपके पैरों पर अच्छे से फिट हो जाता है। जूते का मैटेरियल ऐसा है जिससे पैरों तक हवा पहुंचती रहती है। इस शूज में मिजुनो ने अपनी वेव टेक्नोलॉजी का प्रयोग भी किया है। मिडसोल एरिया में लगा ये कंपाउंड पैरों को जबरदस्त कुशन और स्थिरता देता है।

कीमत : 17,999

**नाइकी एयर मैक्स 2016:** नाइकी के फ्लैगशिप रनिंग शू द एयरमैक्स 2016 में डायनमिक फ्लाईवायर केबल्स दी गई हैं जो जबदस्त पकड़ देती हैं। नाइकी ने जूते में हवा के आने-जाने के लिए खास टेक्नोलॉजी वाले अपर का इस्तेमाल किया है। जेंडर को ध्यान रखते हुए आउटसोल पर खास फ्लैक्स ग्रूव्स भी लगाए गए हैं जो दौड़ने के दौरान अच्छी ग्रिप देते हैं। ये शूज आसानी से आपको अमेजन पर मिल जाएंगे।

कीमत : 17,995

**एडिडास टेरैक्स फास्ट आर मिड जीटीएक्स:** टेरैक्स फास्ट आर मिड जीटीएक्स, एडिडास का ट्रैकिंग शू है। इस जूते में एडिडास की हाउस फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। ये एथलीट के पैरों में खासा आराम देती है और जिसकी वजह से जूतों को बनाने में इस्तेमाल हुए विभिन्न मैटेरियल आसानी से एक-दूसरे से मिल जाते हैं।

कीमत : 21,673 रुपये

**नाइकी हाइपरवेनम फैंटम :** हाइपरवेनम प्रोक्सिमो से हटकर, ये फुटबॉल बूट्स, आउटडोर पिच के लिए बेस्ट हैं। हाइपर वेनम फैंटम II नाइकी के फ्लैगशिप फुटबॉल बूट्स हैं। ये बूट नाइकी फुटबॉल के बेस्ट फीचर बूट हैं। नाइकी ने इन फुटबॉल बूट को साल 2016 की शुरुआत में लांच किया था।

कीमत : 26,995

**मिजुनो वेव टेंजिन :** मिजुनो का वेव टेंजिन हमारी लिस्ट में नंबर 6 पर है। ये मिजुनो के लिमिटेड एडिशन शूज हैं। वेव टेंजिन दुनिया के दो शीर्ष ब्रांड मिजुनो और लैम्बरगिनी के बीच के साझा अविष्कार और खोज का नतीजा है। ये शूज लैम्बरगिनी हुराकैन से प्रेरित है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# 'द अप्रेंटिस' का ट्रेलर जारी, राष्ट्रपति चुनाव से पहले देखने को मिलेगी ट्रंप की कहानी



अमेरिका में इन दिनों चुनाव का माहौल है। राष्ट्रपति चुनाव करीब आते जा रहे हैं। इस बार का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के बीच होगा। वैसे तो डोनाल्ड ट्रंप सालभर ही किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं, लेकिन इस बार वो एक फिल्म के कारण सुर्खियों में आ गए हैं। फिल्म का नाम है- द अप्रेंटिस, जो ट्रंप के जीवन पर आधारित है। इसका ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। 'द अप्रेंटिस' में ट्रंप के शुरूआती व्यावसायिक जीवन की कहानी देखने को मिलेगी। साथ ही उनके जीवन से जुड़ी कुछ विवादित घटनाओं को भी दिखाया जाएगा। ट्रेलर की शुरूआत ट्रंप के एक वकील से मुलाकात करने से होती है। ट्रंप वकील से पूछते हैं कि आप हमेशा कैसे जीत जाते हैं? जवाब में वकील कहता है कि इसके नियम होते हैं। पहला है- हमला, हमला और हमला। दूसरा नियम है- कुछ भी स्वीकार न करें, सब कुछ नकार दें और तीसरा नियम है- चाहे कुछ भी हो जाए, आप जीत का दावा करें और कभी हार न मानें। 'द अप्रेंटिस' का निर्देशन अली अब्बासी ने किया है। इसमें सेबेस्टियन स्टेन ने डोनाल्ड ट्रंप का रोल किया है और जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने वकील रॉय कोहन की भूमिका निभाई है। इन दोनों के अलावा मारिया बाकलोवा, बेन सुलिवन, चार्ली कैरिक और मार्टिन डोनोवन ने भी अभिनय किया है, जो क्रमशः इवाना ट्रंप, रसेल एलड्रिज, फ्रेड ट्रंप जूनियर और फ्रेड ट्रंप के किरदार में दिखेंगे। फिल्म की कहानी गेब्रियल शेरमैन ने लिखी है। फिल्म 11 अक्तूबर को रिलीज होगी।

### टॉलीवुड


# 'विदामुयार्ची' और 'गुड बैड अग्ली' की रिलीज पर संकट,हो रही देरी



साउथ सुपरस्टार अजित इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। अभिनेता के पास कतार में 'विदामुयार्ची' और 'गुड बैड अग्ली', दो फिल्में हैं और इन दोनों ही फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में 'विदामुयार्ची' के निर्माताओं ने फिल्म के कलाकारों के पोस्टर जारी किए थे। इसके साथ 'गुड बैड अग्ली' का भी पोस्टर जारी हो चुका है। हालांकि, अब इन दोनों फिल्मों से जुड़ी बड़ी जानकारी सामने आई है, जो प्रशंसकों को निराश कर सकती है। अभिनेता अजित कुमार 'विदामुयार्ची' और 'गुड बैड अग्ली' के निर्माण में व्यस्त हैं। विदामुयार्ची का निर्देशन मगिज थिरुमेनी कर रहे हैं और यह फिल्म काफी बड़े बजट पर बन रही है। दूसरी ओर, 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन 'मार्क एंटनी' के मशहूर अभिनेता आदिक रविचंद्रन कर रहे हैं। वहीं अब दोनों फिल्मों की रिलीज को लेकर चर्चा है कि ये दोनों ही फिल्में शायद तय समय पर रिलीज नहीं होंगी। गुड बैड अग्ली के निर्माता पोंगल पर रिलीज की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं विदामुयार्ची की टीम इस साल दिवाली के मौके पर फिल्म को सिनेमाघरों में लाने की कोशिश कर रही है। हालांकि, अब फिल्म जगत में ताजा चर्चा यह है कि इन दोनों बड़ी फिल्मों की रिलीज की तारीखों में फेरबदल हो सकता है। खबर है कि विदामुयार्ची को पोंगल सीजन तक के लिए टाल दिया गया है और 'गुड बैड अग्ली' 2025 की गर्मियों में आएगी। हालांकि, अभी तक विदामुयार्ची और गुड बैड अग्ली के निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यदि यह अफवाह सच साबित हुई तो विदामुयार्ची पोंगल 2025 पर कमल हासन की 'ठग लाइफ' से टकरा सकती है।

### भोजपुरी

# घर बैठे देखिए ऋचा और अंशुमान की भोजपुरी फिल्म 'एक बहू ऐसी भी'



वर्ल्डवाइड फिल्म्स प्रोडक्शन और मैडज मूवीज के बैनर तले बनी फिल्म 'एक बहू ऐसी भी' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 7 सितंबर, शनिवार को हुआ। फिल्म का प्रसारण भोजपुरी सिनेमा और दंगल एप पर शाम 6 बजे से किया गया। भोजपुरी के दर्शकों ने इस फिल्म को दोबारा अपने परिवार के साथ मिलकर 8 सितंबर को सुबह 10 बजे से भी देखा। इसकी जानकारी फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, समीर आफताब, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह ने दी है। प्रीमियर को लेकर उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए एक गर्व की बात है कि 'एक बहू ऐसी भी' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर हो रहा है। हम दर्शकों को इस फिल्म के माध्यम से एक सशक्त संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं, जो सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक रिश्तों को बखूबी दर्शाती है। हमें उम्मीद है कि दर्शक इसे उतना ही पसंद करेंगे, जितनी लगन और मेहनत से हमने इसे बनाया है।' उन्होंने आगे कहा 'भोजपुरी सिनेमा का यह कदम दर्शकों के मनोरंजन के साथ-साथ एक नई दिशा देने की कोशिश है, और हमें विश्वास है कि इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार और समर्थन मिलेगा।'आपको बता दें कि इस फिल्म के निर्देशक प्रवीण कुमार गुडूरी हैं, जो एक से बढ़कर एक पारिवारिक और सामाजिक फिल्मों का सफल निर्माण कर चुके हैं।

लाइफ स्टाइल



## बारिश का फैशन

इन दिनों जैसा मौसम है, उसमें कभी-कभी यह जानना मुश्किल होता है कि बूंदाबांदी या बारिश में क्या पहनना चाहिए। अमेरिका में फैशन डिजाइनरों ने कुछ ऐसे कलेक्शन पेश किए हैं, जिन्हें देखकर आप अंदाज लगा सकते हैं कि ऐसे मौसम में क्या पहनना चाहिए ताकि आप सूखे, गर्म और फिर भी अच्छे दिखें। डिजाइनरों ने कुछ आउटफिट कॉम्बो शेयर किए हैं, जिन्हें आप जल्दी से एक साथ बना सकते हैं।

# बिना रिमूवर के छुड़ानी है नेल पॉलिश तो अपनाएं ये तरीके

कई बार दिक्कत तब सामने आती है जब हम पुरानी नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं लेकिन हमारे पास नेल रिमूवर नहीं होता। ऐसे में महिलाएं पुरानी नेल पॉलिश के ऊपर ही नई नेल पॉलिश लगा लेती हैं। ऐसे में आप कुछ घरेलू तरीके इस्तेमाल कर बिना नेल रिमूवर के भी नेल पॉलिश हटा सकते हैं।

**टूथपेस्ट:** जिस तरह से दातों को चमकाने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल होता है, ठीक उसी तरह से इसकी मदद से नाखूनों को भी चमका सकते हैं। इसके लिए नाखूनों पर टूथपेस्ट लगाएं और नाखूनों को हल्के ब्रश की मदद से हल्का सा रगड़े। ऐसा करने से नेल पॉलिश छुट जाएगी।

**टूथपेस्ट और बेकिंग सोडा:** अगर आप टूथपेस्ट में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे नाखूनों पर लगाएंगी तो इससे भी पुरानी नेल पॉलिश छुट जाएगी।

**गर्म पानी:** अगर आप गर्म पानी की मदद से नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं तो इसके लिए थोड़ा सा पानी गर्म कर लें। इसके बाद नाखूनों को 25-30 मिनट तक गर्म पानी में भिगोकर रखें। धीरे-धीरे नेल पेंट अपने आप छूट जाएगी।

**नींबू:** आप गर्म पानी में नींबू का रस मिलाकर भी नेल पॉलिश को छुड़ा सकती हैं। इसकी मदद से आपके नाखून एक दम साफ हो जाएंगे।

**हाइड्रोजन पेरॉक्साइड:** गर्म पानी में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड को मिलाकर आप पुरानी नेल पॉलिश को हटा सकते हैं। हाइड्रोजन पेरॉक्साइड में नाखूनों में मिलाने के बाद नेल फाइलर से रब करने पर नेल पॉलिश रिमूव हो जाएगी।



**सिरका:** नेल पॉलिश हटाने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सिरके में नींबू का रस मिलाकर हाथों पर लगाएं और फिर 10 मिनट बाद गर्म पानी से धोने पर नेल पॉलिश अपने आप हट जाएगी।

# खरीदने जा रही हैं कुर्ता तो रखें इन बातों का ध्यान, देखकर लोग करेंगे तारीफ



फैशन

**नई दिल्ली।** हर उम्र की महिला के पास कुर्तों का कलेक्शन तो मिल ही जाता है। महिलाएं कुर्ता पहन कर काफी कंफर्टेबल रहती हैं। इसको खरीदते वक्त आपको कुर्ते के ढेरों पैटर्न, कलर्स, स्टाइल आसानी से मिल जाते हैं। इसे महिलाएं प्लाजो, जींस, स्कर्ट और पैंट के साथ भी कैरी करती हैं। महिलाएं सबसे ज्यादा क्लासिक ए-लाइन कुर्ता से लेकर लेटेस्ट ट्रेंड हाई एंड लो कुर्ता तक में काफी कंफर्टेबल रहती हैं। हर तरीके के कुर्ते बाजार से लेकर ऑनलाइन आसानी से मिल जाते हैं।



कुर्ता खरीदने वाली हर महिला के लिए ये जानना बेहद जरूरी है कि वो कुर्ता खरीदते वक्त क्या देखती हैं। दरअसल, जिस तरह से एक परफेक्ट कुर्ते में आपका लुक निखर सकता है, वहीं दूसरी ओर अगर कुर्ता सही नहीं होगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको कुर्ता खरीदते वक्त जरूर रखना चाहिए।

## रखें फैब्रिक का ध्यान

कुर्ता खरीदते समय उसके फैब्रिक पर ध्यान जरूर दें। हमेशा मौसम के हिसाब से ही कुर्ता खरीदना चाहिए। अगर कुर्ते का फैब्रिक ज्यादा हल्का होगा तो ये ज्यादा चलेगा नहीं, वहीं ज्यादा मोटा होने पर ये गर्मी कर सकता है।

## पैटर्न

हर कार्यक्रम के हिसाब से कुर्ते के पैटर्न अलग-अलग आते हैं। अगर आपको स्टेटमेंट लुक चाहिए तो सिंपल ए लाइन कुर्ता ही बेस्ट है पर, जिन महिलाओं को एवरग्रीन लुक चाहिए, वो क्लासिक अनारकली या अंगरखा स्टाइल में से कुछ चुन सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

## जरूर देखें लंबाई

कुर्ता खरीदते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आप उसे किसके साथ पहनने वाली हैं। जैसे कि प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ लॉंग कुर्ता चल जाता है, सलवार के साथ ये बेहद अजीब लगता है।

## फिटिंग को ना करें इग्नोर

कुर्ते की फिटिंग को इग्नोर करने की गलती ना करें। कुर्ते का डिजाइन चाहे जितना भी अच्छा हो, अगर उसकी फिटिंग खराब होगी तो ये देखने में अजीब लगेगा।

# चेहरे पर हैं पिगमेंटेशन के निशान तो घर पर तैयार करें ये फैसपैक

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव सामने आते हैं। उम्र बढ़ने के अलावा आजकल के खानपान, तनाव और यूवी किरणों की वजह से भी शरीर में कई तरह की परेशानियां सामने आती हैं। इन सबका सबसे ज्यादा असर चेहरे पर ही दिखाई देता है। इसी वजह से चेहरे पिगमेंटेशन, ब्लैक स्पॉट, पिंपल्स दिखाई देने लगते हैं। घरेलू नुस्खे या फिर दवाइयों की मदद से हम इन परेशानियों से तो छुटकारा पा लेते हैं लेकिन परेशानी तब सामने आती है जब ये दिक्कतें तो सही हो जाएं लेकिन इनके दाग चेहरे पर रह जाएं।


आपकी इसी परेशानी को देखते हुए आज के लेख में हम आपको इनसे छुटकारा पाने के तरीके बताने जा रहे हैं। अगर आपके चेहरे पर पिगमेंटेशन के निशान हैं तो घर पर आप इस फेसपैक बनाकर इससे छुटकारा पा सकते हैं। इस पैक को बनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**बनाने की विधि:** अगर आप ये पैक बनाने जा रही हैं तो सबसे पहले एक बाउल में दो चम्मच दही लेकर उसे फेंट लें। इसके बाद इसमें चावल का पाउडर मिलाकर उसमें मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। एक चुटकी हल्दी, दो बूंद नींबू का रस और शहद मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करें। बस आपका फैसपैक तैयार है।



**लगाने की विधि:** इस फेसपैक को लगाने के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छे से धो लें। अब किसी ब्रश की मदद से इस पेस्ट को चेहरे से लेकर गले और गर्दन में अच्छे से लगाएं। पैक लगाने के बाद इसे तकरीबन 20 मिनट तक सूखने दें। जब से सही से सूख जाए तो चेहरे को सादे पानी से साफ करें। ध्यान रखें कि चेहरे को रगड़ें नहीं। चेहरा साफ करने के बाद कॉटन बॉल में कच्चा दूध लेकर चेहरे पर लगाएं।

# अगर छोटी है आपकी आंखें तो ऐसे करें मेकअप



रोजाना की जिंदगी में महिलाएं मेकअप करना काफी पसंद करती हैं। अक्सर आपने देखा होगा कि छोटी आंख वाली महिलाएं मोटा-मोटा आई लाइनर लगा लेती हैं। उन्हें लगता है कि मोटा आई लाइनर लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है। अगर आप अपनी आंखों को आकर्षित दिखाना चाहती हैं तो कोशिश करें यह विंग्ड आईलाइनर हो। मोटा आईलाइनर आपके लुक को खराब कर सकता है। अपने ड्रेसअप के हिसाब से ही विंग्ड आई लाइनर लगाएं। ऐसा माना जाता है कि काजल लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं, पर अगर आप सही तरीके से काजल नहीं लगाएंगी तो आपका लुक खराब दिखेगा।

इतना ही नहीं ऐसा करने से आपकी आंखें भी अजीब दिखेंगी। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो हमेशा वॉटर लाइन पर ही काजल लगाएं। इससे आपकी आंखें खूबसूरत लगेंगी। आंखों के मेकअप में मस्कारा का काफी अहम रोल होता है। छोटी आंख वाली महिलाएं इसका इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि आप कम मात्रा में ही मस्कारा का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही बार-बार मस्कारा का कोट ना लगाएं, इससे पूरा लुक बिगड़ सकता है। अपना आई मेकअप शुरू करने से पहले आई बेस जरूर लगाएं। एक तो इसके इस्तेमाल से आपकी आंखें और ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी और साथ में इसकी वजह से आपका मेकअप हाईलाइट होगा।

## कार्नर न्यूज

### सुपर मॉडल रिटायर होने के बावजूद कमा लेते हैं करोड़ों

# करोड़ों में खेलते हैं मॉडलिंग को करियर चुनने वाले फिल्मी सितारों से ज्यादा कमाते हैं कई सुपर मॉडल

*दुनिया की टॉप मॉडलों की कमाई किसी भी फिल्मी सितारे से कहीं ज्यादा होती है। आप यकीन न करें लेकिन मॉडलिंग में करियर बनाने वाले मॉडल आज करोड़ों में खेलते हैं। आंकड़े बताते हैं कि कैंडल जेनर (अमेरिका) की कमाई 2.2 करोड़ डॉलर, गिजेल बुंडचेन (ब्राजील) की 1.75 करोड़ डॉलर, क्रिसी टाइगन (अमेरिका) की 1.35 करोड़ डॉलर, आड्रियाना लीमा (ब्राजील) की 1.05 करोड़ डॉलर, गिगी हैडिड (अमेरिका) की 95 लाख डॉलर, रोजी हनटिंग्टन-व्हाइटली (यूके) की 95 लाख डॉलर, कार्ली क्लोस (अमेरिका) की 90 लाख डॉलर, लियु वेन (चीन) की 65 लाख डॉलर, बेला हैडिड (अमेरिका) की 60 लाख डॉलर और एश्ले ग्रैहम (अमेरिका) की कमाई 55 लाख डॉलर है।*



सबसे ज्यादा कमाई सुपर मॉडलों की होती है। गिजेले बुंडचेन ने रिटायर हो जाने के बावजूद 3 करोड़ डॉलर की कमाई कर ली। सामान्य मॉडल भी एक साल में 18,000 से 3,00,000 डॉलर तक की कमाई कर लेती हैं। बड़े डिजायनर तो फैशन शो से करोड़ों कमाते हैं। फैशन उद्योग में अकेले डिजायनरों तक की औसत कमाई साल में करीब 1,00,000 डॉलर है। फैशन उद्योग में पर्दे के पीछे भी बहुत से लोग काम करते हैं। हेयर स्टाइलिस्ट साल में 42,000 डॉलर, मेकअप आर्टिस्ट 60,000 डॉलर तक, ड्रेस स्टाइलिस्ट 69,000 डॉलर तक, फैशन पत्रिकाओं के संपादक 20 लाख डॉलर तक, उनके असिस्टेंट 40,000 डॉलर तक, पत्रकार 78,000 डॉलर तक, फैशन लेबल के पीआर मैनेजर 92,000 डॉलर तक और फोटोग्राफर साल में करीब 62,000 डॉलर तक कमा लेते हैं। बाकी दुनिया की तरह भारतीय फैशन उद्योग भी तेजी से छलांग लगा रहा है।

यहां भी फैशन डिजाइनर्स और मॉडल्स की ऊंची कीमत लगती है। उनमें मनीष मल्होत्रा, तरुण तहिलियानी, रितु बेरी, जे.जे. वालया, रोहित बाल, रितु कुमार, वेंडेल रोड्रीक्स, सब्यसाची मुखर्जी, विक्रम फडनीस, मनीष अरोड़ा, जूही चावला, उर्मिला मातोंडकर, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट, लारा दत्ता, कैटरीना कैफ़, दीया मिर्जा, ईशा गुप्ता, ऐश्वर्या राय, माधुरी दीक्षित, सोनम कपूर, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा आदि के नाम प्रमुखता से आते हैं। हाल की सुर्खियों में श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर इन दिनो मॉडल की दुनिया में जाने के लिए बेकरार हैं। पैसे और ग्लैमर की चकाचौंध ने इस क्षेत्र में रोजगार की बड़ी संभावनाएं पैदा की हैं।

